कैथल, 18 मई (महीपाल/ गौरव): आर.के.एस.डी. महाविद्यालय के सांध्यकालीन सत्र के वाणिज्य विभाग द्वारा वर्तमान के मुद्दों पर सामूहिक चर्चा नामक शीर्षक पर बी.कॉम. ऑनर्स अंतिम वर्ष में क्लासरूम एक्टिविटी आयोजित करवाई गई।

इस कार्यक्रम को डा. अजय मित्तल व प्रो. शीतल द्वारा करवाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा हाल के मुद्दों को सामूहिक रूप से, नई शिक्षा नीति, कोरोना के प्रभाव, रूस-यूक्रेन टकराव, बैंकों का विलय व सोशल मीडिया के सकारात्मक और नकारात्मक प्रभावों पर चर्चा की गई। सांध्यकालीन सत्र के प्राचार्य डा. हरिंद्र गुप्ता ने अपने आशीष वचनों से विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाया और सफल आयोजन के लिए वाणिज्य विभाग को बधाई भी दी।

सायंकालीन सत्र के वाणिज्य विभागाध्यक्ष डा. मनोज बंसल ने इस पर अपने विचार रखते हुए कहा कि इस तरह की तैयारी करने से विद्यार्थियों में ज्ञान का संचार होता है और विद्यार्थियों को और बेहतर करने के लिए सुझाव दिए। कार्यक्रम के अंत में डा. अजय मित्तल ने इस आयोजन को विद्यार्थियों के भविष्य की नींव बताया और सभी का धन्यवाद किया।

इस प्रकार की क्लासरूम एक्टिविटी के आयोजन का श्रेय प्राचार्य डा. संजय गोयल, प्रबंधक समिति के प्रधान साकेत मंगल अधिवक्ता एवं उनकी पूरी टीम को जाता है, उनके मार्गदर्शन में आगे भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित होते रहेंगे। इस अवसर पर प्रो. मनिका गुप्ता, डा. मीनू अग्रवाल, डा. मीनू भूटानी, प्रो. कनिका, प्रो. रेखा गुप्ता, प्रो. रेणु जांगड़ा आदि उपस्थित रहे।

*क्लासरूम एक्टिविटी कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी व स्टाफ पदाधिकारी।*

***********************

## Activity on E- Poster
**18th May 2022**

A classroom activity on E-Poster was organised by Department of Physics, RKSD PG College, Kaithal on 18 may, 2022. Topics of presentations were Polarisation and statistical physics. Sneha, Mohit, Apurva, Renu, simran, Mohini, Muskan, Aman participated in this academic activity. Dr. Alisha acted as convener.



***********************

## PPT Competition on Mathematics
**18th May 2022**

A Power Point presentation on Mathematics was organised for the students of B.sc /B.A by Dr. Sanjay Garg and Sh. Kapil Jain on 18May 2022. 10 students participated on a various topics such as Compex Number, Fermat last Theorem, Application of O.D.E., importance of C- language etc. students who participated were Mohit , Kaptain Singh Mushkan, Prachi, Simran, Annu, Kamaljeet and Tanishka . Principal Dr. S.K. Goyal and HOD Dr. S.S. Mehla appreciated the efforts of the students and encouraged them to participate in such class activities.



***********************

**Educational Trip**
**17th May 2022**

The Economics Association of Department of Economics organised a one day trip to Kausali and Chandigarh on May 14, 2022 under the guidance of Faculty, Department of Economics Dr. Virander Goyal, HoD, Dr. Suraj Walia & Dr. Ritu Walia. The purpose of the trip was to understand and analyse the role of tourism/tourists in the development of an economy. Students Visited Kausali, one of the preferred destination of tourists in Solan district. Total 46 students analysed the local facilities, Govt. polices & local businesses to promote the tourism in this region which clearly justify the Tourism is an engine of economic growth. At Chandigarh, students visited Elante Mall with the purpose to understand and analyse the hypothesis of Consumption led Growth. In their visit, students understood the concepts of Consumerism, Market Size & Consumer as King etc. Students also enjoyed various sight scenes at Kausali and its nearby places.



**विद्यार्थियों ने कसौली और चंडीगढ़ का किया शैक्षणिक भ्रमण**

हिमाचल प्रदेश के कसौली में शैक्षणिक भ्रमण के दौरान मौजूद आरकेएसडी पीजी कालेज के विद्यार्थी। • कालेज पीआरओ

**जासं, कैथल** : आरकेएसडी पीजी कालेज के अर्थशास्त्र विभाग के विद्यार्थियों ने हिमाचल प्रदेश के कसौली एवं चंडीगढ़ का एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण किया। डा. विरेंद्र गोयल, डा. सूरज वालिया एवं डा. ऋतु वालिया के नेतृत्व में 46 विद्यार्थियों ने पर्यटन की संभावनाएं एवं आर्थिक विकास में इसकी भूमिका के थीम को लेकर यह दौरा किया। विद्यार्थियों ने कसौली में पर्यटन को बढ़ाने के लिए हिमाचल सरकार की तरफ से अपनाई गई नीति, भावी अवसरों का आनुभाविक विश्लेषण किया। इसके बाद चंडीगढ़ के एलांते माल का दौरा कर वाणिज्य की आधारभूत संरचना की जानकारी प्राप्त की।

Dainik Jagran 17-5-22

***********************

**Educational Trip**
**14th May 2022**

The Departments of Zoology and Botany of RKSD College, Kaithal organized an educational tour to the Zoology Department Museum, Anthropology Department Museum and Botanical Garden of Panjab University, Chandigarh. Under the supervision of Dr. Gagan Mittal, Head Department of Zoology and Dr. Sushil Gupta, Head, Department of Botany., the educational trip was organized for the B.Sc. (Medical) students on the occasion of Earth Day i.e., 22.04.2022, Ms. Ritu and Ms. Sarita, Assistant Professors in Zoology and Botany, respectively, were also present alongside 42 students. The students began their visit by exploring the PN Mehra Botanical Garden, where the Technical Assistant and Research Scholars from Panjab University's Botany Department described the different types of plants that are protected at the Botanical Gardens. During their visit, the students were also shown several uncommon flora. The students then went on a tour of the Museum of Anthropology Department, which included the Pre-Historic Life Gallery., which included a history of the evolution of earth millions of years ago. The Gallery has showcased the life size models o various stages of

evolution of man, early birds, dinosaurs, and tools used by early man. The students valued this gallery since it addressed many aspects of the Evolutionary Biology curriculum, such as the genesis of the planet and atmosphere, and the origin of life. After this, the students visited the Museums of Zoology Department where they saw preserved Vertebrates and Invertebrates specimen. The students were excited to see the wonderful collection of well-preserved specimens of vertebrae of whale, skeletons of camel, leopard, etc, human embryos, some rare and extinct birds, mammals, reptiles, amphibians, and fishes. They were delighted to see the collection of enormous specimens from Invertebrates. The visit ended with an informal discussion among the students, teachers and Dr. Yogesh Rawal, Chairman, Department of Zoology, PU, Chandigarh about the department and its museums, followed by clicking a group photograph. After the academic visits, the students also visited Sukhna Lake, Mata Mansa Devi Temple and Gurudwara Nada Sahib. The visit thus turned out to be successful by fulfilling its aim of imparting scientific knowledge in an interesting way to the students which will remain fresh in their memories for long. Students learnt and understood the process and importance of conservation and preservation and about the evolutionary process that gradually changes the environment around us.


केसरी

रविवार

## छात्रों ने किया चंडीगढ़ का एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण

*शैक्षणिक भ्रमण के दौरान सामूहिक चित्र में विद्यार्थी व स्टाफ पदाधिकारी।*

कैथल, 14 मई (महीपाल/गौरव): आर.के.एस.डी. (पी.जी.) कालेज कैथल के बॉटनी एवं ज्योलॉजी विभाग के बी.एससी. मैडीकल के विद्यार्थियों ने चंडीगढ़ का एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण किया।

अर्थ दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इस ट्रिप में डा. गगन मित्तल, विभागाध्यक्ष ज्योलॉजी एवं डा. सुशील गुप्ता विभागाध्यक्ष, बॉटनी के नेतृत्व में 42 विद्यार्थियों ने पंजाब विश्वविधालय चंडीगढ़ के ज्योलॉजी विभाग के म्यूजियम, एंथ्रोलॉजी एवं बॉटनी विभाग के म्यूजियम का दौरा किया। दौरे का शुभारंभ पी.एन. मेहरा बॉटनीकल गार्डन से हुआ।

तकनीकी सहायक एवं शोध विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधों को दिखाया जो सामान्यत: उपलब्ध नहीं होते। एंथ्रोलॉजी विभाग में प्राक ऐतिहासिक जीवन की चीजों की गैलरी का दौरा विद्यार्थियों के लिए अविस्मरणीय था। इसमें माडल द्वारा मानव, पक्षियों के आरम्भिक जीवन को दर्शाया गया है। ज्योलॉजी म्यूजियम में व्हेल, ऊंट, चीजें, एवं पक्षियों के अवशेष दर्शाए गए थे।

विद्यार्थियों ने इनका अवलोकन किया एवं फोटोग्राफी की। डा. योगेश रावल, अध्यक्ष ज्योलॉजी विभाग, पंजाब विश्वविद्यालय ने अनौपचारिक रूप से विद्यार्थियों को इन सबकी जानकारी भी दी।

सायंकाल में सुखना लेक, मनसा देवी मंदिर एवं गुरुद्वारा नड्डा साहिब के दौरे के साथ इस शैक्षणिक दौरे का सम्मापन हुआ।

प्रधान प्रबंधक समिति साकेत मंगल एडवोकेट एवं प्राचार्य डा. संजय गोयल ने इस ज्ञानवर्धक दौरे के लिए सभी प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों को बधाई दी एवं इसे सार्वभौमिक विकास के लिए अति आवश्यक बताया। प्रो. सरिता एवं प्रो. रितु ने दौरे संबंधी अन्य जिम्मेदारियों को पूरा किया।

***********************

**Workshop on Economics, Economicst and Economy**
**10th May 2022**

अर्थशास्त्र विभाग के द्वारा विद्यार्थीयों के लिए 'अर्थशास्त्र, अर्थशास्त्री एवं अर्थव्यवस्था ' के विषय पर वर्कशाप का आयोजन किया गया। इसमें 18 विद्यार्थीयों ने पोस्टरों के माध्यम से शास्त्रीय अर्थशास्त्र, इसके मुख्य सिद्धांत, इसमें कैरियर की सम्भावनाएं, नोबल पुरस्कार विजेता, भारतीय अर्थशास्त्री एवं भारत की अर्थव्यवस्था आदि के द्वारा मुख्य विषय को परिभाषित किया। इसका अवलोकन प्राचार्य डा संजय गोयल, विभागाध्यक्ष डा. वीरेंद्र गोयल, डा. सूरज वालिया, डा. रितु वालिया ने किया। प्रतिभागीयों ने अपने-अपने पोस्टर के विचार को परिभाषित भी किया। इसके परिणाम इस प्रकार रहे:
प्रथम टीम कुलदीप, लवलीन, खूश्मा, भूमिकाएवं विकास
द्वितीय टीम तनिष्का, मानसी, सिमरन, शीतल, कोमल
तृतीय टीम प्रिंस, जतिन, सुल्तान, सोनू एवं साहिल



# अर्थशास्त्र, अर्थशास्त्री व अर्थव्यवस्था के विषय पर वर्कशॉप आयोजित

कैथल, 10 मई (महीपाल/गौरव): आर.के.एस.डी. (पी.जी.) कालेज कैथल के अर्थशास्त्र विभाग के द्वारा विद्यार्थियों के लिए अर्थशास्त्र, अर्थशास्त्री एवं अर्थव्यवस्था के विषय पर वर्कशाप का आयोजन किया गया।

इसमें 18 विद्यार्थियों ने पोस्टरों के माध्यम से शास्त्रीय अर्थशास्त्र, इसके मुख्य सिद्धांत, इसमें करियर की सम्भावनाएं, नोबल पुरस्कार विजेता, भारतीय अर्थशास्त्री एवं भारत की अर्थव्यवस्था आदि द्वारा मुख्य विषय को परिभाषित किया। इसका अवलोकन प्राचार्य डा. संजय गोयल, विभागाध्यक्ष डा. वीरेंद्र गोयल, डा. सूरज वालिया, डा. रितु वालिया ने किया। प्रतिभागीयों ने अपने-अपने पोस्टर के विचार को परिभाषित भी किया।

**इसके परिणाम इस प्रकार रहे :-** प्रथम टीम कुलदीप, लवलीन, खुश्मा, भूमिका एवं विकास। द्वितीय टीम तनिष्का, मानसी, सिमरन, शीतल, कोमल। तृतीय टीम प्रिंस, जतिन, सुल्तान, सोनू एवं साहिल।

...क्रम में मौजूद प्राचार्य डा. संजय गोयल व विद्यार्थी।

Punjab Kesri 11-5-22

*************************

**Educational Trip**
**9th May 2022**

सायंकालीन सत्र के वाणिज्य विभाग द्वारा एम. कॉम. एवं बी.कॉम ऑनर्स अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को चायल (हिमाचल प्रदेश) में भ्रमण करवाया। चायल (हिमाचल प्रदेश) का बहुत सुंदर व प्रसिद्ध स्थान है।
चायल में चायल पैलेस अपनी वास्तुकला के लिए प्रसिद्ध है, ब्रिटिश राज के दौरान पटियाला के महाराजा द्वारा ग्रीष्मकालीन वापसी के रूप में महल का निर्माण किया गया था। चायल सोलन के साथ-साथ शिमला जिला मुख्यालय के साथ जुड़ा हुआ है। चायल की यात्रा करने के लिए कई जगह प्रसिद्ध हैं: पैलेस चायल, क्रिकेट ग्राउंड, काली टिब्बा और हनुमान मंदिर।विद्यार्थियों ने वहां के बेहद सुहाने मौसम का खूब आनंद लिया व इस पर्यटक स्थल के इतिहास को जानकर एवम चायल पैलेस की खूबसूरती को देखकर खूब आनंद अनुभव किया। 51 विद्यार्थियों की इस टीम का नेतृत्व सायंकालीन सत्र के वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष डॉ मनोज बंसल, डॉ अजय मित्तल, श्री अंकित गर्ग, निधि बिंदलिश एवं डॉ मीनू भूटानी द्वारा किया गया।



दैनिक सवेरा

# वाणिज्य विभाग के विद्यार्थियों ने किया चायल का भ्रमण

चायल में शैक्षणिक भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राएं।

कैथल (प्रदीप हरित) : आरकेएसडी महाविद्यालय के सायं कालीन सत्र के वाणिज्य विभाग द्वारा एमकॉम एवं बीकॉम ऑनर्स अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को चायल (हिमाचल प्रदेश) में भ्रमण के लिए ले जाया गया। विद्यार्थियों ने वहां के सुहाने मौसम का आनंद लिया व इस पर्यटक स्थल के इतिहास को जानकर एवं चायल पैलेस की खूबसूरती को देखकर खूब आनंद अनुभव किया। 51 विद्यार्थियों की इस टीम का नेतृत्व सायंकालीन सत्र के वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष डॉ. मनोज बंसल, डॉ. अजय मित्तल, प्रो. अंकित गर्ग, प्रो. निधि बिंदलिश एवं डॉ. मीनू भुटानी द्वारा किया गया। सायंकालीन सत्र के प्राचार्य प्रभारी डॉ. हरिंदर गुप्ता ने वाणिज्य विभाग को इस सुंदर एवं ज्ञानवर्धक आयोजन के लिए बधाई दी एवं कहा कि इस प्रकार के बेहतरीन भ्रमण के लिए प्रबंधक समिति के प्रधान साकेत मंगल एडवोकेट एवं उनकी पूरी टीम का आभार, जिनकी प्रेरणा से विद्यार्थियों के लिए हर प्रकार की सुविधा प्रदान की जाती है, इससे विद्यार्थियों को भ्रमण करने से उनका समुचित विकास होता है।

*************************

**Webinar on Neno Technology**
**9th May 2022**

फिजिक्स विभाग के द्वारा 'नैनो-टेकनोलोजी का अद्भुत संसार' के विषय पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. मनीष कश्यप, फिजिकल साईंस विभाग जे.एन.यू. ने आॅनलाईन अपना उद्बोधन दिया। उनका स्वागत प्राचार्य डा संजय गोयल ने किया एवं इतने महत्वपूर्ण विषय के ऊपर वेबिनार आयोजित करने पर विभाग को बधाई दी। विभागाध्यक्ष डा अनिल नरुला ने मुख्य वक्ता का परिचय करवाया। प्रोफेसर कश्यप ने नैनो-टेकनोलोजी के उभरते क्षेत्र एवं इसमें पैदा हो रहे नये अवसरों को विद्यार्थीयों के सामने रखा। उन्होनें बताया की दवाइयों से लेकर, इलेक्ट्रॉनिक्स, वस्त्र

उद्योग, सैन्य साजो समान आदि में नैनो-टेक्नोलोजी ने अद्भुत परिवर्तन किए हैं। इसके अलावा रोजगार के क्षेत्र में भी नयीं सम्भावनाएं पैदा हो रही हैं। अतः विद्यार्थीयों को इस क्षेत्र में प्रयास करना चाहिए। नेहा चौधरी ने धन्यवाद प्रस्ताव पढ़ा। श्री राहुल सिंगला ने इस वेबिनार का संयोजन किया।




***********************

**Educational Trip**
**7th May 2022**

सांयकालीन सत्र के कला संकाय के विद्यार्थियों को शिमला (हिमाचल प्रदेश) में एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण पर ले जाया गया। इस एक दिवसीय भ्रमण पर 56 विद्यार्थी गए और उन्होंने शिमला भ्रमण के समय माल रोड पर द रिज, क्रिस्ट चर्च का भ्रमण किया जो कि अपनी वास्तुकला के लिए काफी प्रसिद्ध है और उत्तर भारत का सबसे प्राचीनतम चर्च है। उसके बाद विद्यार्थियों ने जाखू मंदिर के दर्शन किए जिसका अपना ही धार्मिक महत्व है, फिर शिमला स्टेट म्यूजियम गए जो ब्रिटिश वास्तुकला और प्राचीन सभ्यता संस्कृति का प्रतीक है। साथ ही विद्यार्थियों ने कुफरी का भी भ्रमण किया जिसमें हिमालय की पहाड़ियों और घाटियों के मनहोर दृश्ययो के बीच विद्यार्थी काफी आनंदित नजर आये ।




***********************

**Webinar on Faculty Development**
**6th May 2022**

कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग एवं आई.क्यू.ए.सी. के द्वारा चौ. बंसीलाल विश्वविद्यालय भिवानी के सहयोग से द्वि-दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट वेबिनार 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020: शिक्षक की भूमिका' के विषय को लेकर करवाया गया। इसका शुभारंभ प्रोफेसर राजकुमार मित्तल, उपकुलपति चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय भिवानी ने किया। इस आॅनलाईन कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों से 150 प्रतिभागीयों ने भाग लिया। कार्यक्रम के आरम्भ में डा. सुरज वालिया ने मुख्य विषय को सार रूप में प्रस्तुत किया। प्राचार्य डा संजय गोयल ने मुख्यातिथि का स्वागत किया एवं विषय की प्रासंगिकता को स्पष्ट किया। प्रो. मित्तल ने अपने उद्बोधन में नयी शिक्षा नीति को अहम बताया तथा इसके उद्धेश्यों को पाने में इसका क्रियान्वयन कैसे होगा, यह महत्वपूर्ण होगा। उन्होनें शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में शिक्षक की भूमिका को सबसे महत्वपूर्ण बताया। उपकुलपति महोदय

ने का॓लेज प्रशासन को इस विषय को थीम रूप में विश्लेषण करने पर बधाई दी। डा. वीरेंद्र गोयल ने मुख्य वक्ता का धन्यवाद किया। इसके बाद दुसरे सत्र में डा. शिल्पी अग्रवाल ने विषय विशेषज्ञ डा. संजय मेधावी, विभागाध्यक्ष, वाणिज्य विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय का स्वागत किया एवं वेबिनार के उप विषयों को प्रस्तुत किया। डा. संजय ने बताया कि शिक्षा का मुख्य उद्देश्य किताबी ज्ञान की बजाय एक अच्छे मानव का निर्माण पहला एवं अंतिम उद्देश्य होना चाहिए, उक्त वाक्य को नयी शिक्षा नीति चरितार्थ कर रही है। उन्होनें भावी रोजगार के आयामों को स्पष्ट किया तथा इसके अनुसार कौशल आधारित शिक्षा देने की बात की। दिन के दुसरे सैशन में मंजूला चौधरी, डीन एकडेमिक अफेयर कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरूक्षेत्र ने विशेषज्ञ के रूप में अपने विचार प्रकट किए। उनका स्वागत प्राचार्य डा संजय गोयल ने किया। डा. रितु वालिया ने मुख्य वक्ता का परिचय करवाया। प्रो. चौधरी ने अपने सम्भाषण में शिक्षा में आ रहे बदलावों का जिक्र करते हुए एवं लर्निंग एवं इनोवेशन के नये साधनों के महत्व को स्पष्ट किया। उन्होनें शिक्षा नीति के मुख्य आधारों, प्रावधानों एवं शिक्षण संस्थाओं की भूमिका को स्पष्ट किया। उन्होनें इस बात पर जोर दिया की इसके क्रियान्वयन में शिक्षक की भूमिका महत्वपूर्ण होने वाली है। दोनों सैशन के बाद प्रश्नो- उत्तर का का दौर भी चला। डा. मंजुला गोयल, रचना सरदाना, डा. वीरेंद्र गोयल, डा. सुरज वालिया एवं अन्य प्रतिभागीयों ने शिक्षा नीति के बारे में प्रश्न पूछकर सत्र को संजीदा किया एवं ज्ञानवर्धन किया। कार्यक्रम के अंत में डा. रितु वालिया ने सभी प्रतिभागीयों का धन्यवाद प्रस्ताव पढ़ा। दूसरे दिन का शुभारंभ प्रोफेसर दिलीप कुमार, रजिस्ट्रार एमेटी विश्वविधालय एस. एस. नगर मोहाली ने विशेषज्ञ के रूप में विचार रखे। उनका स्वागत एवं परिचय प्रो. रचना ने किया। प्रो. दिलीप ने भारत को शिक्षा के क्षेत्र में तीसरी उभरती हुई शक्ति बताया। इसके लिए उच्चतर शिक्षा के लिए विभिन्न स्तरों पर किए गए बदलावों का विश्लेषण किया। उन्होनें आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत किए जा रहे प्रयासों की चर्चा करते हुए कौशल विकास को महत्वपूर्ण बताया। उन्होनें बताया कि इस नीति ने 2025 तक 50 प्रतिशत विद्यार्थीयों को कौशल प्रदान शिक्षा का लक्ष्य रखा। इसके लिए डिजिटल इंडिया अभियान के तहत शिक्षा क्षेत्र में उठाए गये कदमों का भी वर्णन किया। उन्होनें शिक्षक को नयी तकनीक एवं शिक्षण पद्धतियों का ज्ञान लेना आवश्यक बताया एवं इसके लिए किए गये प्रावधानों का वर्णन किया। उन्होनें विशेषरूप से कृषि आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने पर जोर दिया। इस सत्र के अंत में प्रश्नोत्तर की गतिविधि के द्वारा ज्ञानवर्धन किया। दुसरे सत्र में प्रोफेसर निशि पांडे, अंग्रेजी विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय ने अपने वक्तव्य में नयी शिक्षा नीति 2020 पर विचार रखे। उनका स्वागत डा. रितु वालिया ने उनका स्वागत किया एवं परिचय पढ़ा। उन्होनें अपने सम्भाषण में विशेषरूप से भाषा, साहित्य के क्षेत्र में आवश्यक बदलावों का विश्लेषण किया। उन्होनें शिक्षा एवं शिक्षक को लर्निंग की तरफ बदलाव की उभरती प्रवृत्ति का जिक्र किया। समापन सत्र में प्रोफेसर चमन लाल गुप्ता ने वेलिडेक्टरी लैक्चर में उक्त विषय के महत्व को रेखाकिंत किया। उनका स्वागत प्राचार्य डा संजय गोयल ने किया। प्रो गुप्ता ने परम्परागत भारतीय शिक्षा पद्धति के महत्व को रेखाकिंत करते हुए कहा कि अंग्रेजों के शासन ने उस पद्धति को समाप्त किया, जिससे मानव का सार्वभौमिक विकास, सम्भव था। नयी शिक्षा नीति 2020 उसी शिक्षा पद्धति को स्थापित करने का पहला कदम है। कोई भी शिक्षा नीति इस बात पर निर्भर करती है कि शिक्षकवर्ग उसे कैसे क्रियान्वित करता है। अतः शिक्षक की जिम्मेवारी ज्यादा बनती है कि इसे वह सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक रूप में भी लागु करे। डा. सुरज वालिया ने मुख्य वक्ता का धन्यवाद किया। फीडबैक के रूप में डा. उदयभान सिंह, गुरू नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर, चौ अनिता राणा, चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविधालय पूंडरी, ने अपने विचार रखें एवं आयोजकों को बधाई दी। डा. सीमा गुप्ता ने इस द्वि-दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम की रिपोर्ट पढ़ी।



**फैकल्टी डिवैल्पमैंट वैबिनार में वक्ताओं ने दिए व्याख्यान**

कैथल, 6 मई (प्रदीप हरित) : आर.के.एस.डी. कालेज के अर्थशास्त्र विभाग एवं आई.क्यू.ए.सी. द्वारा दो दिवसीय फैकल्टी डिवैल्पमैंट वैबिनार का शुभारंभ प्रोफैसर राजकुमार मित्तल, उपकुलपति चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय भिवानी ने किया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 : शिक्षक की भूमिका विषय पर करवाए जा रहे इस ऑन लाईन कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों से 150 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।

कार्यक्रम के आरम्भ में डा. सूरज वालिया ने मुख्य विषय को सार रूप में प्रस्तुत किया। प्राचार्य डा. संजय गोयल ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। प्रो. मित्तल ने अपने उद्बोधन में नई शिक्षा नीति को अहम बताया तथा इसके उद्धेश्यों को पाने में इसका क्रियान्वयन कैसे होगा, यह महत्वपूर्ण होगा। उपकुलपति ने कालेज प्रशासन को इस विषय को थीम रूप में विश्लेषण करने पर बधाई दी। डा. वीरेंद्र गोयल ने मुख्य वक्ता का धन्यवाद किया। इसके बाद दूसरे सत्र में डा. शिल्पी अग्रवाल ने विषय विशेषज्ञ डा. संजय मेधावी, विभागाध्यक्ष, वाणज्यि विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय का स्वागत किया एवं उप विषय को प्रस्तुत किया। डा. संजय ने कहा कि शिक्षा का मुख्य उद्देश्य किताबी ज्ञान की बजाय एक अच्छे मानव का निर्माण पहला एवं अंतिम उद्देश्य होना चाहिए। मंजूला चौधरी, डीर्न एकडेमिक अफेयर कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरूक्षेत्र ने विशेषज्ञ के रूप में अपने विचार प्रकट किए। डा. ऋतु वालिया ने मुख्य वक्ता का परिचय करवाया। प्रो. चौधरी ने अपने सम्भाषण में शिक्षा में आ रहे बदलावों का जिक्र करते हुए एवं लिर्न ंग एवं इनोवेशन के नये साधनों के महत्व को स्पष्ट किया। डा. मंजुला गोयल, प्रो. रचना सरदाना, डा. वीरेंद्र गोयल, डा. सूरज वालिया एवं बाहर के कई प्रतिभागियों ने शिक्षा नीति के बारे में प्रश्न पूछ्कर सत्र को संजीदा किया एवं ज्ञानवर्धन किया। इस कार्यक्रम के संचालन में डा. सीमा गुप्ता, डा. गगन मित्तल, प्रो मतीश, प्रो अंकित गर्ग, प्रो ममता, बलवान एवं रवि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम का फेसबुक पर लाईव प्रसारण डा. विकास भारद्वाज ने किया।

फैकल्टी डिवैल्पमैंट वैबिनार में भाग लेते हुए प्रतिभागी। (सतीश भराड़ा)

Dainik Savera 7-5-22

**************************

**Industrial Visit**

**3rd May 2022**

कॉलेज के कॉमर्स विभाग द्वारा रोजगारपरक प्रोफेशनल डिग्री बी. वॉक. और बी.बी.ए. के विद्यार्थीयों के लिए औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस प्रकार का भ्रमण इन विद्यार्थीयों के करिकुलम का एक हिस्सा है। विद्यार्थियों ने शहर की प्रतिष्ठित 'लेखराज नरेन्द्र कुमार राईस मिल एंड एक्सपोर्टर' का भ्रमण कर इसकी इंटरनल वर्किंग के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्राप्त की। नरेंद्र कुमार मिगलानी, मैनेजिंग डायरेक्टर एवं उनके सुपुत्रों गौतम मिगलानी, अमित मिगलानी एवं सहायक स्टाफ ने विद्यार्थियों को राइस मिल की विस्तार में जानकारी दी। इसका शुभारंभ रिफ्रेशमेंट के साथ स्वागत के साथ हुआ। विद्यार्थियों को तीन ग्रुप में विभाजित कर सबसे पहले स्टोर का दौरा कराया गया, जहां मंडी से धान लाकर सुखाया जाता है। इसकी विस्तारपूर्वक जानकारी चरण सिंह, पेडी सुपरवाइजर एवं धर्मपाल फोरमैन ने दी। राकेश सिंह, एडमिन ने सेला प्लांट का दौरा कराया, जहां विद्यार्थियों को बताया कि कैसे पेडी को सेला चावल में बदला जाता है। इसके बाद मिलिंग प्लांट का दौरा कराया गया। बीरबल, कुलदीप शर्मा, एवं परवीन सुपरवाइजर ने बताया कि चावल कैसे साफ होता है और कितनी बार सोरटेक्स प्लांट में लाया जाता है। चाइना में किस प्रकार का राइस एक्सपोर्ट होता है। फिर चाइना कैसे इसे प्लास्टिक राइस बनाती है, रिजेक्शन राइस, साइजर राइस के सैंपल भी दिखाएं । डायरेक्टर नरेंद्र कुमार सभी समूह में साथ-साथ चलें एवं विद्यार्थियों द्वारा पूछे प्रश्नो का जवाब दिया। उन्होनें एक वीडियो भी दिखाई जिसमें यह बताया गया कि वह माल को कैसे एक्सपोर्ट करते हैं। डायरेक्टर नरेंद्र कुमार मिगलानी ने सभी विद्यार्थीयों एवं प्राध्यापकवर्ग को उच्च गुणवता का चावल पैकट उपहार के रूप में देकर सम्मानित भी किया।


दैनिक सवेरा

**बी.वॉक. और बी.बी.ए. के छात्रों ने किया औद्योगिक भ्रमण**

कैथल, 3 मई (प्रदीप हरित) : आरकेएसडी पीजी कालेज के कॉमर्स विभाग द्वारा रोजगारपरक प्रोफेशनल डिग्री बी.वॉक. और बी.बी.ए. के विद्यार्थियों के लिए औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने शहर की प्रतिष्ठित लेखराज नरेन्द्र कुमार राईस मिल एंड एक्सपोर्टर का भ्रमण कर इसकी इंटरनल वर्किंग के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्राप्त की। नरेंद्र कुमार मिगलानी, मैनेजिंग डायरैक्टर एवं उनके सुपुत्रों गौतम मिगलानी, अमित मिगलानी एवं सहायक स्टाफ ने विद्यार्थियों को राइस मिल की विस्तार में जानकारी दी।

विद्यार्थियों को तीन ग्रुप में विभाजित कर सबसे पहले स्टोर का दौरा कराया गया जहां मंडी से धान लाकर सुखाया जाता है।

डायरैक्टर नरेंद्र कुमार सभी समूह में साथ-साथ चले एवं विद्यार्थियों द्वारा पूछे प्रश्नों का जवाब दिया। इस दौरे का नेतृत्व प्रो. विशाल आनंद ने किया। उनके साथ डॉ. शशि माटा, प्रो. राजेश, प्रो. निखार, प्रो. नेहा भी उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने कॉमर्स विभाग को बधाई दी।

औद्योगिक भ्रमण के दौरान कालेज के छात्र-छात्राएं। (सतीश भराड़ा)

************************

**Quiz Competition**

**26th April 2022**

भूगोल विभाग के द्वारा एक राज्य स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पंजाब ज्याग्रोफर एसोशिएसन के बैनर तले हुई इस प्रतियोगिता में कुल 14 टीमों ने भाग लिया। प्रारम्भिक राउंड के बाद कुल 09 टीमों ने फाईनल के लिए क्वालिफाई किया। 08 राउंड के फाइनल का शुभारंभ प्राचार्य डा संजय गोयल ने किया। उन्होनें इस तरह की प्रतियोगिताओं को करवाने पर जोर दिया। उन्होनें बताया कि भूगोल की जानकारी न केवल ज्ञानवर्धक बल्कि प्रतिस्पर्धात्मक परिक्षाओं के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। विभागाध्यक्ष लेफ्टिनेंट डा रघुबीर लांबा ने सभी प्रतिभागीयों का स्वागत किया एवं प्रतियोगिता सम्बन्धी नियमों से रूबरू भी करवाया। इसके परिणाम इस प्रकार रहे :

राजकीय गवर्नमेंट कॉलेज हांसी प्रथम

राजकीय महाविद्यालय जींद द्वितीय

आरकेएसडी कॉलेज कैथल तृतीय

तीनों टीमों ने अगले राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई भी कर लिया।
डा. शमशेर सिंह एवं प्रो अंकित मित्तल ने क्विज मास्टर की भूमिका निभाई। पायल एवं काजल, बीए प्रथम ने स्कोरर की भूमिका निभाई। लाभसिंह एवं राजेंद्र सैनी ने सम्बंधित कार्यकलापों को पूरा किया।



## राज्यस्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वालों को सम्मानित करते प्राचार्य डा. संजय गोयल।

कैथल, 26 अप्रैल (महीपाल/ गौरव): आर.के.एस.डी. पी.जी. कालेज कैथल के भूगोल विभाग के द्वारा एक राज्य स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पंजाब ज्याग्रोफर एसोशिएसन के बैनर तले हुई इस प्रतियोगिता में कुल 14 टीमों ने भाग लिया। प्रारम्भिक राऊंड के बाद कुल 9 टीमों ने फाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

8 राऊंड के फाइनल का शुभारंभ प्राचार्य डा. संजय गोयल ने किया। उन्होंने इस तरह की प्रतियोगिताओं को करवाने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि भूगोल की जानकारी न केवल ज्ञानवर्धक बल्कि प्रतिस्पर्धात्मक परिक्षाओं के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। विभागाध्यक्ष लैफ्टिनैंट डा. रघुबीर लांबा ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया एवं प्रतियोगिता सम्बन्धी नियमों से रू-ब-रू भी करवाया।

डा. शमशेर सिंह एवं प्रो अंकित मित्तल ने क्विज मास्टर की भूमिका निभाई। पायल एवं काजल, बी.ए. प्रथम ने स्कोरर की भूमिका निभाई। लाभसिंह एवं राजेंद्र सैनी ने सम्बंधित कार्यकलापों को पूरा किया। इस अवसर पर डा. अनिल नरुला, डा. अशोक अत्रि, प्रो. संयोगिता, प्रो. राजेश देसवाल भी उपस्थित रहे।

**परिणाम इस प्रकार रहे :**

राजकीय गवर्नमैंट कॉलेज हांसी प्रथम
राजकीय महाविद्यालय जींद द्वितीय
आर.के.एस.डी. कॉलेज कैथल तृतीय

**तीनों टीमों ने अगली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई भी कर लिया।**

Punjab Kesri 27-4-22

************************

**Position In State Level Quiz Competition**
**23rd April 2022**

भूगोल विभाग के तीन विधार्थियों ने 'पृथ्वी दिवस ' पर आयोजित राज्य स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसका आयोजन दयाल सिंह कॉलेज करनाल ने 22 अप्रैल को किया था। कोमल एवं ललित कुमार बी.ए.फाईनल, तथा सन्नी बी.ए. द्वितीय वर्ष के विद्यार्थीयों की टीम ने इसमें भाग लिया। कॉलेज पहुंचने पर प्राचार्य डा. संजय गोयल, विभागाध्यक्ष लेफ्टिनेंट डा. रघुबीर लांबा, स्टाफ सचिव डा. जयबीर धारीवाल ने विजेताओं को सम्मानित किया एवं भविष्य की शुभकामनाएं भी दी।



## पृथ्वी दिवस पर राज्य स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित

कैथल, 23 अप्रैल (महिपाल/गौरव): स्थानीय आर.के.एस.डी. (पी.जी.) कॉलेज, कैथल के भूगोल विभाग के 3 विधार्थियों ने पृथ्वी दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसका आयोजन दयाल सिंह कॉलेज करनाल ने 22 अप्रैल को किया था।

कोमल एवं ललित कुमार बी.ए. फाइनल, तथा सन्नी बी.ए. द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों की टीम ने इसमें भाग लिया। कॉलेज पहुंचने पर प्राचार्य डा. संजय गोयल, विभागाध्यक्ष लैफ्टिनैंट डा. रघुबीर लांबा, स्टाफ सचिव डा. जयबीर धारीवाल ने विजेताओं को सम्मानित किया एवं भविष्य की शुभकामनाएं भी दी। इस अवसर पर प्रो. अंकित गर्ग एवं प्रो. शमशेर भी उपस्थित रहे।

बच्चों को सम्मानित करते हुए प्राचार्य व अन्य। (महिपाल/ गौरव)

Punjab Kesri 24-040-22

************************

**Movie based on The Epic Period Action Drama Film "RRR"**
**13thApril 2022**

A special show of the epic period action drama film "RRR" directed by S. S. Rajamouli was arranged on the 13th of April 2022 by English Literary Society of the College for MA English students. The film stars N. T. Rama Rao Jr., Ram Charan, Ajay Devgn, Alia Bhatt, Shriya Saran, Samuthirakani, Ray Stevenson, Alison Doody, and Olivia Morris. It is a fictional story about two Indian revolutionaries, Alluri Sitarama Raju (Charan) and Komaram Bheem (Rama Rao), and their fight against the British Raj. The event was organised by Dr Vikas Bhardwaj, Associate Professor of English. Dr Geeta Goyal, Dr Vikas Bhardwaj, Dr Manjula Goel and Ms. Richa Langyan (The Secretary of English Literary Society) accompanied the students to Cine Square Multiplex at Padma City Mall. As many as 80 students from MA English Final and Previous watched and enjoyed the show. Dr Sanjay Goyal, Principal of the College, Dr Rajbir Parashar, the Head, and Dr. Naresh Garg, the President of the Society congratulated the students for participating in this cultural event.




************************

**Workshop on Stock Market**
**10th April - 13th April 2022**

तीन दिवसीय कार्यशाला में विद्यार्थियों ने सीखे शेयर मार्केट के गुर कॉमर्स विभाग द्वारा तीन दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य सर्टिफिकेट कोर्स इन स्टॉक मार्केट के विद्यार्थियों को शेयर ट्रेडिंग और अन्य तकनीक जानकारी के व्यवहारिक ज्ञान से अवगत कराना था। इस वर्कशॉप के मुख्य वक्ता श्री नंदीश खंडूजा, सब ब्रोकर ग्लोब कैपिटल मार्केट लिमिटेड अपनी टीम सदस्य श्री कपिल जी के साथ उपस्थित रहे ।श्री नंदीश खंडूजा जी ने वर्कशॉप की शुरुआत वितीय बाजार , प्राइमरी मार्केट, सेकेंडरी मार्केट, क्लाइंट रजिस्ट्रेशन की विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए आरंभ की । उन्होंने टर्मिनल पर विभिन्न प्रकार की की एफ 1, एफ 2, एफ 3, एफ4, एफ5, एफ6, एफ7, एफ8, और बीएसई और एनएसई के इंडेक्स की विस्तृत जानकारी दी।
उन्होनें टर्मिनल के फंक्शन से अवगत कराते हुए हर एक विद्यार्थी को शेयर खरीदना एवं बेचना सिखाया। उन्होनें इस समय लगने वाले आर्डर की जानकारी दी एवं मार्केट आर्डर, स्टॉप लॉस आर्डर, डे आर्डर डिलीवर, आर्डर लगाना आदि विषयों पर जानकारी भी दी। इस वर्कशॉप में बी. वोकेशनल एवं बीबीऐ के विधार्थियों ने भाग लिया । यह वर्कशाप डा. शशि माट्टा के मार्गदर्शन मे संपन्न हुई। प्राचार्य डॉ संजय गोयल ने वाणिज्य विभाग को इस प्रकार की ज्ञानवर्धक वर्कशॉप के आयोजन पर बधाई दी और भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम कराने के लिए शुभकामनाएं दी। इस वर्कशॉप को सफल बनाने में विभागाध्यक्ष श्री अजय शर्मा, रचना सरदाना, श्री विशाल आनंद, पूजा गुप्ता व अन्य स्टाफ सदस्य का विशेष योगदान रहा


तीन दिवसीय कार्यशाला की हुई शुरुआत

कालेज मे मुख्य वक्ता को सम्मानित करते वाणिज्य विभाग के प्राध्यापक । • जागरण

कैथल : आरकेएसडी कालेज में वणिज्य विभाग की तरफ से तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई । इसका मुख्य उद्देश्य सर्टिफिकेट कोर्स इन स्टाक मार्केट के विद्यार्थियों को शेयर ट्रेडिंग और अन्य तकनीक जानकारी के व्यवहारिक ज्ञान से अवगत कराना था । इस कार्यशाला के मुख्य वक्ता नंदीश खंडूजा, सब ब्रोकर ग्लोब कैपिटल मार्केट लिमिटेड एवं कपिल रहे । नंदीश खंडूजा ने कार्यशाला की शुरूआत वित्तीय बाजार प्राइमरी मार्केट, सेकेंडरी मार्केट, क्लाइंट रजिस्ट्रेशन की विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए शुरू की । कार्यशाला में बीवोकेशनल एवं बीबीए के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया । जबकि संयोजन डा . शशि माट्टा ने किया । प्राचार्य डा . संजय गोयल ने वाणिज्य विभाग को इस प्रकार की ज्ञानवर्धक कार्यशाला के आयोजन पर बधाई दी । मौके पर विभागाध्यक्ष प्रो . अजय, प्रो .रचना, प्रो . विशाल आनंद, प्रो . पूजा मौजूद थी । (जासं)

************************

**NSS Seven Days Camp**
**23rd March - 29th March 2022**

कॉलेज की एन.एस. एस. की तीनों इकाईयों के 30 वॉलंटियर्स ने एस.डी. पी.जी. कॉलेज पानीपत और एस.ए. जैन कॉलेज अम्बाला में कुरुक्षेत्र विश्वविधालय कुरुक्षेत्र एनएसएस प्रकोष्ठ के सौजन्य एवं उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा सरकार के द्वारा प्रायोजित सात दिवसीय कैंप में भाग लिया। 23 से 29 मार्च व 24 से 30 मार्च तक लगे इन कैम्पों में विश्वविद्यालय से सम्बंधित सभी कालेजों को भाग लेना अनिवार्य था। इनका नेतृत्व डॉक्टर जयबीर धारीवाल व डॉक्टर एस पी वर्मा ने किया।एसडी कॉलेज पानीपत में 14 विद्यार्थियों ने भाग लिया तथा कॉलेज प्रांगण की सफाई, सामाजिक बुराइयों से जुड़े हुए नुक्कड़ नाटक, ऐतिहासिक जगहों पर जाना,समाज की विभिन्न अंगों से जुड़कर तरह-तरह की कलाएं सीखना तथा अपने आप को आत्मनिर्भर बनाने की कोशिश करना आदि सभी गतिविधियों में से निकलकर वहां कैंप में स्वयंसेवकों ने अपने आपको और तराशने की कोशिश की। विदित रहे कि यह कैंप कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित था तथा दिन और रात का था, जिसमें सभी विद्यार्थी अपने अपने प्रोग्राम ऑफिसर्स के साथ पूरे 7 दिन और रात वही रहे

और सभी कार्यक्रमों में भाग लिया। सभी विधाओं को मिलाकर आरकेएसडी कॉलेज के इन 14 विद्यार्थियों को एसडी कॉलेज पानीपत द्वारा दूसरी पोजीशन प्राप्त हुई तथा अलग-अलग स्तर पर उन्होंने अनेक मेडल्स भी जीते। एस ए जैन कॉलेज अंबाला में भाग लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या 16 थी जहां इनमें से अनेक विद्यार्थियों ने कहीं कई विधाओं में मेडल्स जीत कर अपने महाविद्यालय के गौरव को बढ़ाया, वही सागर शर्मा ने सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक का खिताब अपने नाम किया। प्रीति, कोमल, शिखा,नेहा, कनिका, रूपाली, बिंटू,गौरव, सागर,दीपक,कुसुम आदि अनेक स्वयंसेवकों ने तरह तरह की गतिविधियों से अपने महाविद्यालय के नाम को इन कैंप्स के माध्यम से उज्जवल किया, कॉलेज प्रांगण पहुंचने पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ संजय गोयल ने सभी स्वयंसेवकों को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी तथा आगे भी इसी तरह से समाज में कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया। कॉलेज प्रधान श्री साकेत मंगल ने बनाए बधाई संदेश भेजें।

## आर.के.एस.डी. पी.जी. कालेज के 30 वालिंटियर्स ने 7 दिवसीय कैंप में लिया भाग



*7 दिवसीय प्रायोजित कैंप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी प्राचार्य डा. संजय गोयल के साथ।*

कैथल,, 20 अप्रैल (महीपाल/गौरव): आर.के.एस.डी. पी.जी. कालेज कैथल की एन.एस.एस. की तीनों इकाइयों के 30 वालिंटियर्स ने एस.डी. पी.जी. कॉलेज पानीपत और एस.ए. जैन कॉलेज अम्बाला में कुरुक्षेत्र विश्वविधालय कुरुक्षेत्र एन.एस.एस. प्रकोष्ठ के सौजन्य एवं उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा सरकार द्वारा प्रायोजित 7 दिवसीय कैंप में भाग लिया। 23 से 29 मार्च व 24 से 30 मार्च तक लगे इन कैम्पों में विश्वविद्यालय से संबंधित सभी कालेजों को भाग लेना अनिवार्य था।

इनका नेतृत्व डा. जयबीर धारीवाल व डा. एस.पी. वर्मा ने किया। एस.डी. कालेज पानीपत में 14 विद्यार्थियों ने भाग लिया तथा कॉलेज प्रांगण की सफाई, सामाजिक बुराइयों से जुड़े हुए नुक्कड़ नाटक, ऐतिहासिक जगहों पर जाना, समाज की विभिन्न अंगों से जुड़कर तरह-तरह की कलाएं सीखना तथा अपने आपको आत्मनिर्भर बनाने की कोशिश करना आदि सभी गतिविधियों में से निकलकर वहां कैंप में स्वयंसेवकों ने अपने आपको तराशने की कोशिश की। विदित रहे कि यह कैंप कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित था तथा दिन और रात का था जिसमें सभी विद्यार्थी अपने अपने प्रोग्राम ऑफिसर्स के साथ पूरे 7 दिन और रात वहीं रहे और सभी कार्यक्रमों में भाग लिया।

सभी विधाओं को मिलाकर आर.के.एस.डी. कालेज के इन 14 विद्यार्थियों को एस.डी. कालेज पानीपत द्वारा दूसरी पॉजीशन प्राप्त हुई तथा अलग-अलग स्तर पर उन्होंने अनेक मैडल्स भी जीते।

एस.ए. जैन कालेज अम्बाला में भाग लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या 16 थी, जहां इनमें से अनेक विद्यार्थियों ने कहीं कई विधाओं में मैडल्स जीत कर अपने महाविद्यालय के गौरव को बढ़ाया, वहीं सागर शर्मा ने सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक का खिताब अपने नाम किया।

प्रीति, कोमल, शिखा, नेहा, कनिका, रूपाली, बिंदु, गौरव, सागर, दीपक, कुसुम आदि अनेक स्वयंसेवकों ने तरह-तरह की गतिविधियों से अपने महाविद्यालय के नाम को इन कैंप के माध्यम से उज्ज्वल किया। कॉलेज प्रांगण पहुंचने पर कालेज के प्राचार्य डा. संजय गोयल ने सभी स्वयंसेवकों को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी तथा आगे भी इसी तरह से समाज में कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर एन.एस.एस. प्रोग्राम ऑफिसर जयबीर धारीवाल, डा. एस.पी. वर्मा तथा डा. श्वेता गर्ग उपस्थित रहे।

Pankaj Kesri 21-04-22

************************

**Webinar on GST**
**23rd February 2022**

वाणिज्य विभाग द्वारा जीएसटी पर एक वेबीनार आयोजित किया गया । यह वेबिनार JCI कैथल स्टार के तत्वाधान में कराया गया। मुख्य प्रवक्ता आईसीएआई के नेशनल ट्रेनर एफसीए पियूष बंसल रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को जीएसटी रजिस्ट्रेशन, जीएसटी का भुगतान, जीएसटी रिटर्न को ऑनलाइन पोर्टल पर भरने की विधि के बारे में अवगत कराया।इस वेबीनार मे जीएसटी सर्टिफिकेट कोर्स, बीकॉम , बीबीए अंतिम वर्ष के 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों को जीएसटी पोर्टल के बारे में विस्तृत जानकारी दी, जिसमें क्यू. आर. एम. पी, आई. एफ. एफ. के बारे में विशेष तौर पर बताया । रजिस्ट्रेशन के प्रकार जैसे थ्रीशोल्ड लिमीट रजिस्ट्रेशन, वॉलंटरी रजिस्ट्रेशन के बारे में जानकारी दी । जीएसटी रिटर्न जीएसटीआर, जीएसटीआर 9, जीएसटीआर 1 के प्रारूप के बारे में बताया। जीएसटी का व्यावहारिक ज्ञान आज के समय की मांग है और विद्यार्थियों को रोजगार प्राप्त करने के लिए अवसर प्रदान करता है। कॉलेज के द्वारा जीएसटी पर सर्टिफिकेट कोर्स इसी सत्र से शुरू किया गया है । वेबिनार डॉक्टर बबीता गर्ग के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। प्राचार्य डॉक्टर संजय गोयल ने वाणिज्य विभाग को इस प्रकार की ज्ञानवर्धक वेबीनार के आयोजन पर बधाई दी और भविष्य मे इस तरह के कार्यक्रम कराने के लिए शुभकामनाएं दी। सफल बनाने में विभागाध्यक्ष श्री अजय शर्मा, रचना सरदाना, पूजा गुप्ता, श्री विशाल आनंद, डा मनोज बंसल व अन्य स्टाफ सदस्यो का विशेष सहयोग रहा।

## आर.के.एस.डी. कालेज के वाणिज्य विभाग द्वारा जी.एस.टी. पर वैबिनार आयोजित

कैथल, 22 फरवरी (महीपाल/गौरव/मित्तल): आर.के.एस.डी. कालेज के वाणिज्य विभाग द्वारा जी.एस.टी. पर एक वेबीनार आयोजित किया गया। यह वैबिनार जे.सी.आई. कैथल स्टार के तत्वावधान में कराया गया। मुख्य प्रवक्ता आई.सी.ए.आई. के नैशनल ट्रेनर एफ.सी.ए. पियूष बंसल रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन, जी.एस.टी. का भुगतान, जी.एस.टी. रिटर्न को ऑनलाइन पोर्टल पर भरने की विधि के बारे में अवगत करवाया। इस वैबिनार में जी.एस.टी. सर्टीफिकेट कोर्स, बी.कॉम., बी.बी.ए. अंतिम वर्ष के 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों को जी.एस.टी. पोर्टल के बारे में विस्तृत जानकारी दी, जिसमें क्यू.आर.एम.पी., आई.एफ.एफ. के बारे में विशेष तौर पर बताया। रजिस्ट्रेशन के प्रकार जैसे थ्रीशोल्ड लिमीट रजिस्ट्रेशन, वॉलंटरी रजिस्ट्रेशन के बारे में जानकारी दी।



*वैबिनार में भाग लेते आर.के.एस.डी. कालेज के पदाधिकारी व विद्यार्थी।*

जी.एस.टी. रिटर्न जी.एस.टी.आर., जी.एस.टी.आर 9, जी.एस.टी.आर 1 के प्रारूप के बारे में बताया। जी.एस.टी. का व्यावहारिक ज्ञान आज के समय की मांग है और विद्यार्थियों को रोजगार प्राप्त करने के लिए अवसर प्रदान करता है। कालेज के द्वारा जी.एस.टी. पर सर्टीफिकेट कोर्स इसी सत्र से शुरू किया गया है। वैबिनार डा. बबीता गर्ग के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

प्राचार्य डा. संजय गोयल ने वाणिज्य विभाग को इस प्रकार की ज्ञानवर्धक वैबीनार के आयोजन पर बधाई दी और भविष्य में इस तरह के कार्यक्रम कराने के लिए शुभकामनाएं दीं। सफल बनाने में विभागाध्यक्ष प्रो. अजय शर्मा, प्रो. रचना सरदाना, प्रो. पूजा गुप्ता, प्रो. विशाल आनंद, डा. मनोज बंसल व अन्य स्टाफ सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

Punjab Kesri 23-02-22

************************

**Seminar on Union Budget**
**23th February 2022**

आर के एस डी महाविद्यालय के सायंकालीन सत्र के वाणिज्य विभाग द्वारा डिकोडिंग यूनियन बजट 2022: ए डेवलपिंग इंडिया नाम से एक सेमिनार आयोजित किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संजय गोयल एवं सायंकालीन सत्र के प्राचार्य प्रभारी डॉ हरिंदर गुप्ता द्वारा की गई।सायंकालीन सत्र के वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ मनोज बंसल ने कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत करते हुए बच्चों को शीर्षक अनुसार व्याख्यान दिया। उन्होंने अपने व्याख्यान में बजट किस तरीके से बनाया जाता है एवं किस तरह हलवा या मिठाई खिलाकर उसकी शुरुआत करने से लेकर लोकसभा में उसे पेश करने तक की सारी प्रक्रिया से विद्यार्थियों को अवगत करवाया।
किसने किस किस सेक्टर पर विचार रखे:
डॉ मनोज बंसल ने रेलवेज, एग्रीकल्चर, इलेक्ट्रिक व्हीकल, डिफेंस, लॉजिस्टिक्स, पासपोर्ट। डॉ अजय मित्तल ने फाइनेंस एवं वित्त। डॉ मीनू भूटानी ने शिक्षा एवं नौकरी सृजन। प्रो इला बिंदलिश ने व्यापार, एम एस एम ई, ट्रेडिंग।

डॉ हरिंदर गुप्ता ने आर के एस डी महाविद्यालय की प्रबंधक समिति के प्रधान साकेत मंगल अधिवक्ता व महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संजय गोयल को इस कार्यक्रम का प्रेरणा स्तोत्र बताया और वाणिज्य विभाग की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक एवम नवीनतम विषयों के बारे में जानकारी प्रदान करते हैं।
विशेषकर वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों के लिए इसकी जानकारी होना अति आवश्यक एवं लाभदायक है।
कार्यक्रम के अंत में डॉ मनोज बंसल व डॉ अजय मित्तल ने आए हुए सभी अतिथियों व विद्यार्थियों का धन्यवाद किया।



दैनिक सवेरा

**डिकोडिंग यूनियन बजट 2022, ए डिवैल्पिंग इंडिया नाम से सैमीनार आयोजित**

कैथल, 10 फरवरी (प्रदीप हरित) : आरकेएसडी कालेज सायंकालीन सत्र के वाणज्यि विभागाध्यक्ष द्वारा डिकोडिंग यूनियन बजट 2022, ए डिवैल्पिंग इंडिया नाम से सैमीनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल एवं सायंकालीन सत्र के प्राचार्य प्रभारी डॉ. हरिंदर गुप्ता द्वारा की गई। विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज बंसल ने कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत करते हुए बच्चों को शीर्षक अनुसार व्याख्यान दिया। उन्होंने अपने व्याख्यान में बजट किस तरीके से बनाया जाता है एवं किस तरह हलवा या मिठाई खिलाकर उसकी शुरुआत करने से लेकर लोकसभा में उसे पेश करने तक की सारी प्रक्रिया से विद्यार्थियों को अवगत करवाया। सेमीनार में डॉ. मनोज बंसल ने रेलवेज, एग्रीकल्चर, इलेक्ट्रिक व्हीकल, डिफेंस, लॉजिस्टिक्स, पासपोर्ट पर, डॉ. अजय मित्तल ने फाइनेंस एवं वित्त पर, डॉ. मीनू भूटानी ने शिक्षा एवं नौकरी सृजन विषय पर तथा प्रो. इला बिंदलिश ने व्यापार, एम एस एम ई, ट्रेडिंग पर विचार रखे। डॉ. हरिंदर गुप्ता ने प्रबंधक समिति के प्रधान साकेत मंगल अधिवक्ता व महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल को इस कार्यक्रम का प्रेरणा स्तोत बताया और वाणज्यि विभाग की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक एवं नवीनतम विषयों के बारे में जानकारी प्रदान करते हैं। अंत में डॉ. मनोज बंसल व डॉ. अजय मित्तल ने आए हुए सभी अतिथियों व विद्यार्थियों का धन्यवाद किया। इस आयोजन में डॉ. मनिका गुप्ता, डॉ. मीनू अग्रवाल, प्रो. निधि बिंदलिश, प्रो. अंकित गर्ग, प्रो. रीना मक्कर, प्रो. नितिका गाबा, प्रो. जॉन्सी अरोड़ा, डॉ. सुनील स्योकंद, प्रो. शीतल, प्रो. अनुराधा, प्रो. कनिका, प्रो. निधि गुप्ता, प्रो. महक गुप्ता, प्रो. शिखा जैन आदि उपस्थित रहे।

सेमीनार में उपस्थित प्रोफैसर्ज। (सतीश भराड़ा)

************************

**Review Writing Competition**
**12th February - 19th February 2022**

महाविद्यालय की अँग्रेजी लिट्रेरी सोसायटी द्वारा अँग्रेजी विभाग के तत्वाधान में 12 फरवरी से 19 फरवरी तक 'राष्ट्र स्तरीय ऑनलाइन रिव्यू राइटिंग कंटेस्ट ऑन स्क्रीन अडेप्टेशन ऑफ कांथापुरा नॉवल' का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता बी.ए तृतीय वर्ष, पांचवे सेमेस्टर के अँग्रेजी पाठ्यक्रम में निर्धारित 'कांथापुरा' नॉवल तथा आगामी महाविद्यालय परीक्षाओं एवं प्रतियोगी परिक्षाओं के अभ्यर्थियों के लिए खासतौर पर तैयार की गयी थी। सभी प्रतिभागियों ने श्याम बेनेगल द्वारा निर्देशित "भारत एक खोज" के सभी एपिसोड के आधार पर अपने- अपने वैचारिक दृष्टिकोण से रिव्यू लिखे। इस प्रतियोगिता का सफल आयोजन सामुहिक रूप से डॉ. नरेश गर्ग, प्रेसिडेंट, इंग्लिश लिट्रेरी सोसायटी एवं ऋचा लांगयान, सेक्रेटरी, इंग्लिश लिट्रेरी सोसायटी द्वारा किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. राजबीर पराशर ने सभी प्रतिभागियों एवं संयोजक समिति के सदस्यों को बधाई दी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने अंग्रेज़ी विभाग के सभी सदस्यों एवं विजेता प्रतिभागियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह की पाठ्यक्रम आधारित प्रतियोगिताओं का आयोजन विद्यार्थियों में साहित्यिक रूचि एवं अँग्रेजी भाषा में रचनात्मक समझ को विकसित करने का अहम एवं सकारात्मक प्रयास है ।
प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे-
प्रथम पुरस्कार- आर. स्नेखा, एम.ए पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, अन्ना आदर्श कॉलेज फॉर वूमेन, चेन्नई, तमिलनाडु
द्वितीय पुरस्कार- एम.पवाश्री, बी.कॉम, अविनाशलिंगम इंस्टिट्यूट फॉर होम साइंस एंड हायर एजुकेशन, कोयंबटूर, तमिलनाडु
तृतीय पुरस्कार- अनामिका, बी.ए तृतीय वर्ष, आर.के.एस.डी कॉलेज, कैथल, हरियाणा


## रिव्यू राइटिंग कंटेस्ट में आरकेएसडी कॉलेज की अनामिका रही तृतीय

कैथल | आरकेएसडी कॉलेज की अंग्रेजी लिट्रेरी सोसाइटी द्वारा अंग्रेजी विभाग के तत्वावधान में 12 फरवरी से 19 फरवरी तक राष्ट्र स्तरीय ऑनलाइन रिव्यू राइटिंग कंटेस्ट ऑन स्क्रीन अडेप्टेशन ऑफ कांथापुरा नोवल का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता बीए तृतीय वर्ष, 5वें सेमेस्टर के अंग्रेजी पाठ्यक्रम में निर्धारित कांथापुरा नोवल तथा आगामी महाविद्यालय परीक्षाओं एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के अभ्यर्थियों के लिए खासतौर पर तैयार की गई थी। सभी प्रतिभागियों ने श्याम बेनेगल द्वारा निर्देशित भारत एक खोज के सभी एपिसोड के आधार पर अपने-अपने वैचारिक दृष्टिकोण से रिव्यू लिखे। इस प्रतियोगिता का आयोजन सामूहिक रूप से डॉ. नरेश गर्ग, प्रेसिडेंट, इंग्लिश लिट्रेरी सोसाइटी एवं प्रो. ऋचा लांगयान, सेक्रेटरी, इंग्लिश लिट्रेरी सोसाइटी ने किया। विभागाध्यक्ष डॉ. राजबीर पराशर ने सभी प्रतिभागियों एवं संयोजक समिति के सदस्यों को बधाई दी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने अंग्रेजी विभाग के सभी सदस्यों एवं विजेता प्रतिभागियों को बधाई दी। प्रथम पुरस्कार आर स्नेखा, एमए पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, अन्ना आदर्श कॉलेज फॉर वूमेन चेन्नई, तमिलनाडु, द्वितीय पुरस्कार एम पवाश्री, बीकॉम, अविनाशलिंगम इंस्टिट्यूट फॉर होम साइंस एंड हायर एजुकेशन, कोयंबटूर, तमिलनाडु, तृतीय पुरस्कार अनामिका, बीए तृतीय वर्ष, आरकेएसडी कॉलेज कैथल को मिला।

Dainik Bhaskar 2-03-22

************************

**Online Slogan Writing Competition**
**13th February 2022**






***********************

**Online Quiz Competition**

**9th February - 19th February 2022**

अँग्रेजी विभाग द्वारा 9 फरवरी से 19 फरवरी तक राष्ट्र स्तरीय ऑनलाइन लिट्रेरी एंड ग्रामर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें अमेरिका, मलेशिया, इंडोनेशिया, श्रीलंका, फिलीपींस, इराक,जॉर्जिया,बांग्लादेश, सऊदी अरब, पाकिस्तान एवं भारत से जम्मू कश्मीर, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, केरल, मध्यप्रदेश, तेलंगाना, राजस्थान, पंजाब, उत्तरांचल, कर्नाटक, त्रिपुरा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, गोवा, दादर और नगर हवेली, हरियाणा आदि देश-विदेश से 1315 प्रतिभागियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया I विदित रहे कि यह प्रतियोगिता बी.ए द्वितीय वर्ष, तृतीय सेमेस्टर के अँग्रेजी पाठ्यक्रम में निर्धारित काव्य पुस्तक "फ्रैगरैंसिज़" तथा आगामी महाविद्यालय परीक्षाओं एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के अभ्यर्थियों के लिए खासतौर पर तैयार की गयी थी । इस प्रतियोगिता में अँग्रेजी साहित्य व व्याकरण के 25 प्रश्नों को सम्मिलित किया गया जिनमें से 60 प्रतिशत से अधिक अंक आने पर ही प्रतिभागियों को प्रशंसा- पत्र दिए गए। देश-विदेश से शामिल हुए 1150 प्रतिभागियों ने प्रशंसा-पत्र प्राप्त किए। इस प्रतियोगिता का सफल आयोजन सामुहिक रूप से प्रो.ऋचा लांगयान एवं प्रो. अर्चना तिवारी द्वारा किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. राजबीर पराशर ने सभी प्रतिभागियों एवं संयोजक समिति के सदस्यों को बधाई दी I महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने अंग्रेज़ी विभाग के सभी सदस्यों एवं प्रतिभागियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह की पाठ्यक्रम आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन विद्यार्थियों में अँग्रेजी भाषा की सही समझ को विकसित करने का सकारात्मक एवं सार्थक प्रयास है ।



रविवार SUNDAY 27 फरवरी 2022

न्यूज ब्रीफ

आर.के.एस.डी. महाविद्यालय में राष्ट्र स्तरीय ऑनलाइन लिट्रेरी एंड ग्रामर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित

प्रतियोगिता में भाग लेने वाली प्रतिभागी।

कैथल, 26 फरवरी (महीपाल/गौरव): आर.के.एस.डी. महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग द्वारा 9 से 19 फरवरी तक राष्ट्र स्तरीय ऑनलाइन लिट्रेरी एंड ग्रामर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें अमरीका, मलेशिया, इंडोनेशिया, श्रीलंका, फिलीपींस, इराक, जॉर्जिया, बांग्लादेश, रियाद, पाकिस्तान एवं भारत से जम्मू कश्मीर, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, केरल, मध्यप्रदेश, तेलंगाना, राजस्थान, पंजाब, उत्तरांचल, कर्नाटक, त्रिपुरा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, गोवा, दादर और नगर हवेली, हरियाणा आदि देश-विदेश से 1315 प्रतिभागियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। यह प्रतियोगिता बी.ए द्वितीय वर्ष, तृतीय सैमेस्टर के अंग्रेजी पाठ्यक्रम में निर्धारित काव्य पुस्तक फ्रैंगरैंसिज तथा आगामी महाविद्यालय परीक्षाओं एवं प्रतियोगी परिक्षाओं के अभ्यर्थियों के लिए खासतौर पर तैयार की गई थी। इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का सफल आयोजन सामुहिक रूप से प्रो. ऋचा लांग्यान एवं प्रो. अर्चना तिवारी द्वारा किया गया। विभागाध्यक्ष डा. राजबीर पराशर ने सभी प्रतिभागियों एवं संयोजक समिति के सदस्यों को बधाई दी। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. संजय गोयल ने अंग्रेजी विभाग के सभी सदस्यों एवं प्रतिभागियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह की पाठ्यक्रम आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन विद्यार्थियों में अंग्रेजी भाषा की सही समझ को विकसित करने का सकारात्मक एवं सार्थक प्रयास है।

***********************

**Poster Making cum Depicting Activity**

**29th January 2022**

Dr. Manjula Goel organized a Poster Making cum Depiction activity on Mulk Raj Anand's Coolie for the students of M.A. English Final year on 29th Jan., 2022. This Students Centric literary activity aimed to boost up the confidence of the students while depicting posters prepared by them. It is a colonial novel which highlights the wretched condition of underdogs and underprivileged during imperialism. Munoo, the fourteen years old orphan child is the protagonistof the novel.Two Students of M.A. English Final year, Rita Devi and Sonia Panchal made posters on the Sham- Nagar Episode of the novel, *Coolie*. Sonia Panchal presented the incident when Munoo, the domestic servant was playing with Sheila, the daughter of Bibi Uttam Kaur and he touched the cheek of Sheila unintentionally. Rita presented the scene of a British guest and the chief accountant of Imperial BankShamnagar, W.P. England who is invited by Babu Nathoo Ram at his abode for tea and Munoodumped the tea-tray upon the guest as he entangled his foot in the carpet. Both the scenesinvite the extreme anger of Bibi ji upon Munoo. The principal Dr. Sanjay Goyal, Dr. Rajbir Parashar, HOD, and the faculty of the department congratulated the students for their wonderful participation and the organizer of the event.




***********************

**National level Quiz**
**19th January 2022**

गणित विभाग के द्वारा राज्य स्तरीय गणित प्रश्नोत्तरी का आॅनलाईन आयोजन किया गया। इसमें लगभग 235 विद्यार्थीयों ने भाग लिया। इसमें दयाल सिंह कॉलेज करनाल के अनिकेत पाल, बीएससी नाॅन-मेडिकल अंतिम वर्ष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी कॉलेज के यश ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर दोहरी सफलता प्राप्त की। आरकेएसडी कॉलेज की छात्रा रिम्पल, एमएससी गणित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को क्रमशः रू 750, 500, 250 पुरस्कृत राशि प्रदान की। प्रबंधन समिति के प्रधान साकेत मंगल एडवोकेट एवं अन्य सम्मानित पदाधिकारीयों, प्राचार्य डा संजय गोयल ने गणित विभाग के इस सृजनात्मक प्रयास का स्वागत किया एवं विजेताओं को बधाई दी।



आर.के.एस.डी. कालेज में राज्य स्तरीय गणित प्रश्नोत्तरी का ऑनलाइन आयोजन

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्रा प्राचार्य डा. संजय गोयल व अन्य पदाधिकारियों के साथ।

कैथल, 19 जनवरी (महीपाल/गौरव): आर.के.एस.डी. कालेज कैथल के गणित विभाग के द्वारा राज्य स्तरीय गणित प्रश्नोत्तरी का ऑनलाइन आयोजन किया गया, इसमें लगभग 235 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसमें दयाल सिंह कालेज करनाल के अनिकेत पाल, बी.एस.सी. नॉन-मैडिकल अंतिम वर्ष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इसी कालेज के यश ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर दोहरी सफलता प्राप्त की। आर.के.एस.डी. कालेज की छात्रा रिम्पल, एम.एस.सी. गणित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को क्रमशः रुपए 750, 500, 250 पुरस्कृत राशि प्रदान की। प्रबंधन समिति के प्रधान साकेत मंगल एडवोकेट एवं अन्य सम्मानितं पदाधिकारियों, प्राचार्य डा. संजय गोयल ने गणित विभाग के इस सृजनात्मक प्रयास का स्वागत किया एवं विजेताओं को बधाई दी।

PUNJAB KESARI 20-1-2022

***********************

**Webinar on Financial Management**
**19th January 2022**

वाणिज्य विभाग द्वारा एडवाइजर्स ऑर्गेनाइजेशन के तत्वाधान में सेबी द्वारा निर्धारित "युवाओं के लिए वित्तीय साक्षरता" विषय पर एक वेबीनार का आयोजन कराया गया । इसका मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी में बचत व निवेश के बारे में जागरूकता लाना था । इसमें मुख्य वक्तव्य मुम्बई से यूटीआई म्यूच्यूअल फंड के एक्सपर्ट कुणाल जोशी ने दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को बचत एवं निवेश के महत्व को समझाया कि वे अपनी छोटी छोटी बचतो को सही दिशा में निवेश करके अपने भविष्य को सुरक्षित कर सकते हैं । म्यूच्यूअल फंड व एसआईपी मे मात्र ₹500 से निवेश किया जा सकता है। उन्होनें बहुत से विभिन्न के.वाई.सी. नियमों के बारे में अवगत कराया। इस वेबीनार में 100 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया व बहुत से विद्यार्थियों ने मुख्य वक्ता से अपने सवाल पूछ कर वित्तीय जानकारी भी प्राप्त की । प्राचार्य डॉ संजय गोयल ने कॉमर्स विभाग को इस तरह के वेबीनार आयोजन करने के लिए बधाई दी व भविष्य में इसी तरह के और आयोजन करने के लिए शुभकामनाएं दी । रचना सरदाना ने कार्यक्रम का संयोजन किया एवं व मुख्य प्रवक्ता का धन्यवाद किया।



# आर.के.एस.डी. पी.जी. कालेज में युवाओं के लिए वित्तीय साक्षरता विषय पर वैबिनार आयोजित

कैथल, 18 जनवरी (महीपाल/गौरव): स्थानीय आर.के.एस.डी. कालेज के वाणिज्य विभाग द्वारा एडवाइजर्स ऑर्गेनाइजेशन के तत्वाधान में सेबी द्वारा निर्धारित युवाओं के लिए वित्तीय साक्षरता विषय पर एक वेबीनार का आयोजन करवाया गया । इसका मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी में बचत व निवेश के बारे में जागरूकता लाना था। इसमें मुख्य वक्तव्य मुम्बई से यू.टी.आई. म्यूच्यूअल फंड के एक्सपर्ट कुणाल जोशी ने दिया।

उन्होंने विद्यार्थियों को बचत एवं निवेश के महत्व को समझाया कि वे अपनी छोटी-छोटी बचतो को सही दिशा में निवेश करके अपने भविष्य को सुरक्षित कर सकते हैं। म्यूच्यूअल फंड व एस.आई.पी. में मात्र 500 से निवेश किया जा सकता है। उन्होंने बहुत से विभिन्न के.वाई.सी. नियमों के बारे में अवगत कराया। इस वेबीनार में 100 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया व बहुत से विद्यार्थियों ने मुख्य वक्ता से अपने सवाल पूछ कर वित्तीय जानकारी भी प्राप्त की।

प्राचार्य डा. संजय गोयल ने कॉमर्स विभाग को इस तरह के वैबीनार आयोजन करने के लिए बधाई दी व भविष्य में इसी तरह के और आयोजन करने के लिए शुभकामनाएं दी। प्रो. रचना सरदाना ने कार्यक्रम का संयोजन किया एवं व मुख्य प्रवक्ता का धन्यवाद भी किया। इस वैबिनार में कॉमर्स विभाग के अध्यक्ष डा. अजय शर्मा, प्रो. पूजा मित्तल, शशि रानी, विशाल गोयल, बबीता गर्ग, पूजा गर्ग, सीमा अग्रवाल, निखार थरेजा व अन्य प्राध्यापकों ने भी भाग लिया।

*आयोजित वैबिनार में भाग लेते प्राध्यापक व अन्य।*


Punjab Kesri 19-01--22


*************************

## Online Activity on the Life of Swami Vivekanand

## 12th – 13th January 2022

A two day online activity on the life of Swami Vivekanand was organised on 'National Youth Day' on 12-13 January, 2022 for the students of BA final, Section D and MA English, final year. On 12th January, Babita, Sonu, Love and Priyanka expressed their views and depicted various quotes related to Swami Ji's philosophy. In this continuity, Sonia, Richa, Kavita, Sahil, Rita, Shivani, Harpreet, Inayat of MA English expressed their thoughts through PPTs, posters and charts on various aspects of Vivekananda's life. Principal Dr Sanjay Goyal, HoD Dr Rajbir Parashar, Convener of the event Dr Geeta Goyal and faculty members from the department congratulated the students for their enthusiastic participation.






************************

## Educational Tour

## 21st December 2021

आर के एस डी (पी जी) महाविद्यालय के सांयकालीन सत्र के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा अडानी एग्री लॉजिस्टिक्स लिमिटेड कैथल में एम ए (अर्थशास्त्र) के 35 विद्यार्थियों द्वारा भ्रमण किया गया। इस शैक्षणिक भ्रमण की संयोजिका डॉ मीनू अग्रवाल रही। उनके साथ सांयकालीन सत्र के अर्थशास्त्र विभाग की अध्यक्षा प्रो मनिका गुप्ता, प्रो अंकित गर्ग, प्रो श्वेता गुप्ता एवं प्रो रेनू भी उपस्थित थे। अडानी ग्रुप के टर्मिनल मैनेजर श्री वीरेंद्र सिंह नेगी ने विस्तृत विवरण देते हुए विद्यार्थियों को बताया कि यह एक सार्वजनिक–निजी साझेदारी (पी पी पी) उपक्रम है। इस इकाई में किसान अपने उपज को सीधे तौर पर थोक रूप में पहुंचाते हैं जहां जिनकी अधिसूचना एफसीआई खरीद केंद्र द्वारा की जाती है। इसके साथ उन्होंने बताया कि किस तरह से अनाज खरीद कर प्लेटिंग टेस्ट, मॉइश्चर टेस्ट व डोकेस्ट टेस्ट की प्रक्रिया के बाद सायलो में स्टोर किया जाता है। एक सायलो की क्षमता 12500 मिट्रिक टन है। उन्होंने बताया कि गेहूं की सफाई की प्रक्रिया के बाद किस तरह रेलवे ट्रैक से उस अनाज को विभिन्न राज्यों में भेजा जाता है। महाविद्यालय पहुंचने पर प्रबंधक समिति एवम आर वी एस के प्रधान श्री साकेत मंगल अधिवक्ता ने कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में सीखने की जागरूकता पैदा होने के साथ-साथ विद्यार्थी ऐसी इकाइयों में रोजगार के अवसर तलाश सकते हैं और उनमें आत्मनिर्भर बनाने का गुण पैदा होता है। प्राचार्य डॉ संजय गोयल एवं सांयकालीन सत्र के प्राचार्य प्रभारी डॉ हरिंद्र गुप्ता द्वारा विद्यार्थियों का स्वागत व उत्साहवर्धन किया गया। उन्होंने अर्थशास्त्र विभाग को बधाई दी और विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।


Epaper
epaper.ajitsamachar.com

# अर्थशास्त्र विभाग द्वारा अडानी एग्री लॉजिस्टिक्स लिमिटेड में विद्यार्थियों को भ्रमण करवाया

कैथल, 21 दिसम्बर (महेश गोयल) : आरकेएसडी (पी.जी) महाविद्यालय के सायंकालीन सत्र के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा अडानी एग्री लॉजिस्टिक्स लिमिटेड कैथल में एम.ए. (अर्थशास्त्र) के 35 विद्यार्थियों द्वारा भ्रमण किया गया। इस शैक्षणिक भ्रमण की संयोजिका डॉ. मीनू अग्रवाल रही। उनके साथ सांयकालीन सत्र के अर्थशास्त्र विभाग की अध्यक्षा प्रो. मनिका गुप्ता, प्रो. अंकित गर्ग, प्रो. श्वेता गुप्ता एवं प्रो. रेनू भी उपस्थित थे। अडानी ग्रुप के टर्मिनल मैनेजर वीरेंद्र सिंह नेगी ने विस्तृत विवरण देते हुए विद्यार्थियों को बताया कि यह एक सार्वजनिक निजी साझेदारी (पी.पी.पी) उपक्रम है।

इस इकाई में किसान अपने उपज को सीधे तौर पर थोक रूप में पहुंचाते हैं जहां जिनकी अधिसूचना एफसीआई खरीद केंद्र द्वारा की जाती है। इसके साथ उन्होंने बताया कि किस तरह से अनाज खरीद कर प्लेटिंग टेस्ट, मॉइश्चर टेस्ट व डोकेस्ट टेस्ट की प्रक्रिया के बाद सायलो में स्टोर किया जाता है। एक सायलो की क्षमता 12500 मिट्रिक टन है। उन्होंने बताया कि गेहूं की सफाई की प्रक्रिया के बाद किस तरह रेलवे ट्रैक से उस अनाज को विभिन्न राज्यों में भेजा जाता है। महाविद्यालय पहुंचने पर प्रबंधक समिति एवं आरवीएस के प्रधान साकेत मंगल अधिवक्ता ने कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में सीखने की जागरूकता पैदा होने के साथ-साथ विद्यार्थी ऐसी इकाइयों में रोजगार के अवसर तलाश सकते हैं और उनमें आत्मनिर्भर बनाने का गुण पैदा होता है। प्राचार्य डॉ. संजय गोयल एवं सांयकालीन सत्र के प्राचार्य प्रभारी डॉ. हरिंद्र गुप्ता द्वारा विद्यार्थियों का स्वागत व उत्साहवर्धन किया गया। उन्होंने अर्थशास्त्र विभाग को बधाई दी और विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

कैथल : डानी एग्री लॉजिस्टिक्स लिमिटेड कैथल में विद्यार्थी भ्रमण करते हुए। (छाया: गोयल)




************************

**Add on Course in Internet and Web design**
**21st December 2021**

कम्प्यूटर साईंस विभाग के द्वारा एड आॅन कोर्स ' इंटरनेट एवं वेब डिजाइनिंग' का शुभारंभ प्राचार्य डा संजय गोयल ने किया। उन्होनें तकनीकी युग में इंटरनेट को जीवन का अहम हिस्सा बताया एवं वेब डिजाइनिंग के क्षेत्र को रोजगार की सम्भावनाओं से भरा घोषित किया। कार्यक्रम के संयोजक डा मतीश गर्ग ने इस कोर्स की विषय वस्तु एवं अध्ययन पद्धति को सामने रखा। इस अवसर पर बीसीए प्रथम वर्ष के विद्यार्थीयों -रमन, अंकित, आशीर्वाद, ध्रुव, विशाल एवं राघव ने ' साईबर क्राईम एवं आर्टीफिशल इंटेलीजेंस के ऊपर अपना पीपीटी प्रस्तुत किया। मंच संचालन सोनल आंनद ने किया।



आर.के.एस.डी. कॉलेज में इंटरनैट एवं वैब डिजाइनिंग कोर्स का प्राचार्य डा. संजय ने किया शुभारंभ

कोर्स का शुभारंभ करते हुए डा.संजय गोयल व उपस्थिति।

कैथल, 19 दिसम्बर(महीपाल/गौरव):स्थानीय आर.के.एस.डी. (पी.जी.) महाविद्यालय कम्प्यूटर साईंस विभाग के द्वारा एड ऑन कोर्स इंटरनैट एवं वैब डिजाइनिंग का शुभारंभ प्राचार्य डा. संजय गोयल ने किया। उन्होनें तकनीकी युग में इंटरनेट को जीवन का अहम हिस्सा बताया एवं वेब डिजाइनिंग के क्षेत्र को रोजगार की सम्भावनाओं से भरा घोषित किया। कार्यक्रम के संयोजक डा मतीश गर्ग ने इस कोर्स की विषय वस्तु एवं अध्ययन पद्धति को सामने रखा। इस अवसर पर बी.सी.ए. प्रथम वर्ष के विद्यार्थीयों - रमन, अंकित, आशीर्वाद, ध्रुव, विशाल एवं राघव ने साइबर क्राइम एवं आर्टीफिशल इंटैलीजैंस के ऊपर अपना पीपीटी प्रस्तुत किया। मंच संचालन प्रो सोनल आंनद ने किया। इस अवसर पर कम्प्यूटर साइंस के विभागाध्यक्ष डा. अनिल नरुला, प्रो. शिवानी, प्रो. सोनल, प्रो. आंचल, प्रो. सोनिया, प्रो. प्रियंका, प्रो. ममता, प्रो. दीपक ,उपस्थित रहे।

Punjab Kesri 20-12-21

************************

**Industrial Visit**
**19th December 2021**

सांयकालीन सत्र के वाणिज्य विभाग के बी. कॉम. ऑनर्स द्वितीय एवम तृतीय वर्ष के 51 विद्यार्थियों ने एकांश मोटर्स का भ्रमण किया, इनका नेतृत्व विभागाध्यक्ष डॉ मनोज बंसल, डॉ मीनू भूटानी एवं प्रो रंजू निरवानी ने किया। एकांश मोटर्स के मैनेजिंग डायरेक्टर पंकज बंसल, एच. आर. मैनेजर साक्षी सिंगला व सेल्स मैनेजर धीरज सलूजा ने विद्यार्थियों को कार खरीदने से लेकर बिक्री के बाद की अनिवार्य सेवाओं तक विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने विद्यार्थियों को कार खरीदना, बीमा करवाना, स्पेयर पार्ट्स व एक्सेसरी लगवाना, ड्राइविंग स्कूल, डेटिंग-पेंटिंग आदि से लेकर कंपनी द्वारा समय समय पर दी जाने वाली मुफ्त सेवाओं के विषय में भी अवगत करवाया। कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर पंकज बंसल ने विद्यार्थियों को नौकरी के अवसर कैसे प्राप्त हो सकते हैं, इसके बारे में जागरूक व प्रोत्साहित किया। उन्होनें विद्यार्थीयों को उत्साहित करते हुए आश्वस्त किया कि अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद योग्यता व प्रतिभा के आधार पर एकांश मोटर्स में भी अच्छे पद पर नियुक्ति प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए खानपान की भी उचित व्यवस्था करवाई। विदित रहे कि पंकज बंसल महाविद्यालय की प्रबंधक समिति एवं

आर.वी.एस. के महासचिव भी हैं। महाविद्यालय पहुंचने पर प्रबंधक समिति एवम आर वी एस के प्रधान श्री साकेत मंगल अधिवक्ता, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संजय गोयल एवं सांयकालीन सत्र के प्राचार्य प्रभारी डॉ हरिंद्र गुप्ता द्वारा विद्यार्थियों का स्वागत किया गया एवं उनका उत्साहवर्धन किया गया।


Epaper
epaper.ajitsamachar.com

बी कॉम ऑनर्स द्वितीय व तृतीय वर्ष के 51 विद्यार्थियों ने किया भ्रमण

कैथल, 19 दिसम्बर (महेश गोयल) : आरकेएसडी (पी.जी) महाविद्यालय के सांयकालीन सत्र के वाणिज्य विभाग द्वारा एकांश मोटर्स में बी कॉम ऑनर्स द्वितीय एवम तृतीय वर्ष के 51 विद्यार्थियों का भ्रमण किया गया, जिसकी अध्यक्षता सांयकालीन सत्र के वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष डॉ. मनोज बंसल, डॉ. मीनू भूटानी एवं प्रो रंजू निरवानी द्वारा की गई। एकांश मोटर्स के मैनेजिंग डायरेक्टर पंकज बंसल की टीम से एच आर मैनेजर साक्षी सिंगला व सेल्स मैनेजर धीरज सलूजा ने विस्तृत विवरण देते हुए विद्यार्थियों को कार खरीदने से लेकर बिक्री के बाद की अनिवार्य सेवाओं तक जानकारी प्रदान की। उन्होंने विद्यार्थियों को कार खरीदना, बीमा करवाना, स्पेयर पार्ट्स व एक्सेसरी लगवाना, ड्राइविंग स्कूल, डेंटिंग-पेंटिंग आदि से लेकर कंपनी द्वारा समय-समय पर दी जाने वाली मुफ्त सेवाओं के विषय में भी अवगत करवाया। कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर पंकज बंसल ने विद्यार्थियों को नौकरी के अवसर कैसे प्राप्त हो सकते हैं इसके बारे में जागरूक व प्रोत्साहित किया। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद अपनी योग्यता लग्न व प्रतिभा के आधार पर एकांश मोटर्स में भी अच्छे पद पर नियुक्ति प्राप्त कर सकता है। उन्होंने महाविद्यालय के विद्यार्थियों के खानपान की भी उचित व्यवस्था कर बच्चों में उत्साह पैदा किया। विदित रहे कि पंकज बंसल आरकेएसडी पी.जी महाविद्यालय की प्रबंधक समिति एवं आरवीएस के महासचिव भी हैं। महाविद्यालय पहुंचने पर प्रबंधक समिति एवं आरवीएस प्रधान साकेत मंगल अधिवक्ता, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल एवं सांयकालीन सत्र के प्राचार्य प्रभारी डॉ. हरिंद्र गुप्ता द्वारा विद्यार्थियों का स्वागत किया गया एवं उनका उत्साहवर्धन किया गया। उन्होंने वाणिज्य विभाग को बधाई दी व उनके प्रयास को सराहा और विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए इस प्रयास को एक आत्मनिर्भर कदम बताया।

कैथल : भ्रमण के दौरान वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष डॉ. मनोज बंसल के साथ विद्यार्थी।(छाया: गोयल)

************************

## PPT Competition
## 18th December 2021

फिजिक्स विभाग के द्वारा पावर प्वाईंट प्रजेन्टेशन की गतिविधि करवाई गई। इसमें बी.एस.सी. प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की आठ टीमों ने भाग लिया। इसके मुख्य विषय -यंग डबल स्लिट, लायड मिरर, फ्रैसनल बाईप्रिज्म एवं न्यूटन रिंग रहे। इसका शुभारंभ प्राचार्य डा संजय गोयल ने किया एवं शिक्षा के बदलते स्वरूप में पी.पी.टी. के महत्व को उजागर किया। उनका स्वागत विभागाध्यक्ष डा. अनिल नरुला ने किया। परिणाम इस प्रकार रहे

प्रथम तरसेम एवं मुस्कान
द्वितीय अरुसी एवं प्राची
तृतीय जतिन, जसकिरत, स्नेहा एवं सिमरन

निर्णायक मंडल में डा. अनिल नरुला एवं प्रो. अलीशा गोयल रहें। नेहा चौधरी ने पुरे कार्यक्रम का संयोजन किया।


पावर प्वाईंट प्रैजेंटेशन में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

कैथल, (प्रदीप हरित) :-आर.के.एस.डी. महाविद्यालय के फिजिक्स विभाग द्वारा पावर प्वाईंट प्रजेन्टेशन की गतिविधि करवाई गई। इसमें बी.एस.सी. प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की आठ टीमों ने भाग लिया। इसके मुख्य विषय यंग डबल स्लिट, लायड मिरर, फ्रैसनल बार्इप्रिज्म एवं न्यूटन रिंग रहे। इसका शुभारंभ प्राचार्य डा. संजय गोयल ने किया एवं शिक्षा के बदलते स्वरूप में पी.पी.टी. के महत्व को उजागर किया। उनका स्वागत विभागाध्यक्ष डा. अनिल नरुला ने किया। परिणाम इस प्रकार रहे। प्रथम तरसेम एवं मुस्कान, द्वितीय अरुसी एवं प्राची तथा तृतीय जतिन, जसकिरत, स्नेहा एवं सिमरन रहे। निर्णायक मंडल में डा. अनिल नरुला एवं प्रो. अलीशा गोयल रहे। प्रो. नेहा चौधरी ने पूरे कार्यक्रम का संयोजन किया। इस अवसर पर प्रो. मंजू गर्ग, प्रो. नेहा, प्रो. दीपक एवं प्रो. राहुल सिंगला भी उपस्थित रहे।

Dainik Savera 18-12-21

************************

## Industrial Visit

## 15th December, 2021

सांयकालीन सत्र के वाणिज्य विभाग द्वारा रेलीगेयर ब्रोकिंग की कैथल शाखा में एम कॉम फाइनल के 24 विद्यार्थियों द्वारा भ्रमण किया गया। इस दल का नेतृत्व वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष श्री मनोज बंसल, डॉ. अजय मित्तल एवं निधि बिंदलिश द्वारा की गई। रेलीगेयर ब्रोकिंग की कैथल शाखा के प्रबंधक श्री भारत खुराना ने विस्तृत विवरण देते हुए सेंसेक्स एवम निफ्टी की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैसे आई पी ओ (IPO) भरा जा सकता है, शेयर्स को कैसे खरीदा या बेचा जा सकता है।

ललित सिंगला उप प्रबंधक, आरती शर्मा बैक ऑफिस मैनेजर, रचना अग्रवाल रिलेशनशिप मैनेजर ने अपने व्याख्यान में शेयर्स व कमोडिटीज की विस्तृत जानकारी देने के साथ-साथ कंपनी के सॉफ्टवेयर पर शेयर्स का खरीदना या बेचना प्रत्यक्ष रूप में दिखाया और शेयर बाजार के उतार चढ़ाव के बारे में चर्चा की। महाविद्यालय पहुंचने पर प्रबंधक समिति एवम आर वी एस के प्रधान श्री साकेत मंगल अधिवक्ता, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संजय गोयल एवं सांयकालीन सत्र के प्राचार्य प्रभारी डॉ हरिंद्र गुप्ता ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया गया और विद्यार्थियों को विश्वास दिलाया कि अगर वह इसी प्रकार की गतिविधियों में हिस्सा लेते रहेंगे तब उनको महाविद्यालय की तरफ से सभी प्रकार की सुविधाएं प्रदान की जाती रहेंगी जिससे वो भविष्य में प्रगति करते रहेंगे और महाविद्यालय का नाम रोशन करते रहेंगे। उन्होंने इस सफल आयोजन के लिए वाणिज्य विभाग को बधाई दी और निरंतर इसी प्रकार की गतिविधियां करते रहने का परामर्श दिया।






**विद्यार्थियों ने हासिल की सेंसेक्स की जानकारी**

संवाद न्यूज एजेंसी

**कैथल।** आरकेएसडी महाविद्यालय के सायंकालीन सत्र के वाणिज्य विभाग ने रेलीगेयर ब्रोकिंग की कैथल शाखा में एमकॉम फाइनल के 24 विद्यार्थियों का भ्रमण करवाया। इसकी अध्यक्षता सायंकालीन सत्र के वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष प्रो. मनोज बंसल, डॉ. अजय मित्तल एवं प्रो. निधि बिंदलिश ने की।

रेलीगेयर ब्रोकिंग की कैथल शाखा के प्रबंधक भारत खुराना ने विस्तृत विवरण देते हुए सेंसेक्स एवं निफ्टी की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैसे आईपीओ भरा जा सकता है, शेयर को कैसे खरीदा या बेचा जा सकता है, इस संबंध में जानकारी दी। ललित सिंगला उप प्रबंधक, आरती शर्मा बैक ऑफिस मैनेजर, रचना अग्रवाल रिलेशनशिप मैनेजर ने अपने व्याख्यान में शेयर्स व कमोडिटीज की विस्तृत जानकारी दी। प्रबंधक समिति एवं आरवीएस के प्रधान साकेत मंगल अधिवक्ता, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल एवं सांय कालीन सत्र के प्राचार्य प्रभारी डॉ. हरिंद्र गुप्ता ने विचार रखे।

रेलीगेयर ब्रेकिंग की शाखा में भ्रमण करते हुए आरकेएसडी कॉलेज के विद्यार्थी। संवाद

************************

## Educational trip to International Geeta Jayanti
## 13th December 2021

अर्थशास्त्र विभाग के विद्यार्थीयों ने अंतरराष्ट्रिय गीता जयंती महोत्सव में सरस मेले का शैक्षणिक दौरा किया। उद्मिता विकास क्लब के सहयोग से विभागाध्यक्ष डा. वीरेंद्र गोयल के नेतृत्व में 60 विद्यार्थीयों ने बाजार एवं इंटरप्रोरयोरशिप के विभिन्न लक्षणों को आनुभाविक रूप से जाना। इसके लिए उन्होनें एक अनुसूची बनाकर बाजार का सर्वेक्षण किया। इस मेले में आए महाराष्ट्र, प. बंगाल, मध्य प्रदेश, पंजाब से आए सेल्फ हैल्प ग्रुप द्वारा स्थापित विभिन्न स्टोरों से इन विद्यार्थीयों ने अहम जानकारी जुटाई एवं कॉलेज पहुंचने पर प्राचार्य डा संजय गोयल के साथ अपने अनुभव सांझा किए। डा. सुरज वालिया एवं डा. रितु वालिया ने इस दौरे संबंधित प्रक्रियाओं को सफलता से पुर्ण किया।

## अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव में सरस मेले व कु.वि. में विद्यार्थियों ने धरोहर का किया शैक्षणिक दौरा

कैथल (महीपाल/गौरव): आर.के.एस.डी. (पी.जी.) कालेज के अर्थशास्त्र विभाग के विद्यार्थियों ने अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव में सरस मेले एवं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में धरोहर का शैक्षणिक दौरा किया। उद्यिता विकास क्लब के सहयोग से विभागाध्यक्ष डा. वीरेंद्र गोयल के नेतृत्व में 60 विद्यार्थियों ने बाजार एवं इंटरप्नोरशिप के लक्षणों को आनुभाविक रूप से जाना। इसके लिए उन्होंने एक अनुसूची बनाकर बाजार का सर्वेक्षण किया।

इस मेले में आए महाराष्ट्र, प. बंगाल, मध्य प्रदेश, पंजाब से आए सैल्फ हैल्प ग्रुप द्वारा स्थापित विभिन्न स्टोरों से इन विद्यार्थियों ने अहम जानकारी जुटाई एवं कालेज पहुंचने पर प्राचार्य डा. संजय गोयल के साथ अपने अनुभव सांझा किए। डा. सूरज वालिया एवं डा. रितु वालिया ने इस दौरे संबंधित प्रक्रियाओं को सफलता से पूर्ण किया।



अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव में सरस मेले एवं कुवि में धरोहर का शैक्षणिक दौरा करते कालेज विद्यार्थी।

Punjab Kesri 13-12-21

************************

**Educational Tour to District Consumer Commissioner Office**
**7th December 2021**

बी.का ॅम. तृतीय वर्ष के विद्यार्थीयों के दल ने आंतरिक प्रशिक्षण के तहत जिला उपभोक्ता आयोग कार्यालय का दौरा किया। प्रो. विशाल आनंद, प्रो रचना सरदाना एवं डा. सुचेता के नेतृत्व में गये इस दल ने आयोग की अध्यक्षा श्रीमती नीना संधु, सदस्य एस.एम. त्रिखा एवं सुमन से मुलाकात की एवं अदालत का अवलोकन किया एवं दर्ज मामलों पर कार्रवाई का प्रत्यक्ष निरिक्षण किया। मैडम संधु ने उपभोक्ता अधिनियम 2019 में हुए बदलावों से भी विधार्थियों को अवगत करवाया। उन्होनें बताया कि पहले इसे फोर्म कहा जाता था अब यह आयोग कहलाता है तथा धन सम्बन्धी शिकायत 20 लाख से बढ़ाकर 01करोड़ कर दी गई है। उन्होनें विद्यार्थीयों द्वारा पूछे गए प्रश्नो का जवाब देकर उनका ज्ञानवर्धन भी किया। प्राचार्य डा संजय गोयल ने विभागाध्यक्ष श्री अजय शर्मा एवं सभी प्राध्यापकों को बधाई दी एवं आज के भौतिकवादी समाज में उपभोक्ता के शोषण से बचने के लिए इस तरह की आनुभाविक गतिविधि को सबसे कारगर बताया।

## आर.के.एस.डी. कालेज के विद्यार्थियों ने जिला उपभोक्ता आयोग कार्यालय का किया दौरा



जिला उपभोक्ता आयोग कार्यालय का दौरा करते विद्यार्थी।

कैथल, 6 दिसम्बर (महीपाल/गौरव): आर.के.एस.डी. (पी.जी.) कालेज के बी. कॉम तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के दल ने आंतरिक प्रशिक्षण के तहत जिला उपभोक्ता आयोग कार्यालय का दौरा किया। प्रो. विशाल आनंद, प्रो. रचना सरदाना एवं डा. सुचेता के नेतृत्व में गए इस दल ने आयोग की अध्यक्षा नीना संधु, सदस्य एस.एम. त्रिखा एवं सुमन से मुलाकात की एवं अदालत का अवलोकन किया एवं दर्ज मामलों पर कार्रवाई का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। मैडम संधु ने उपभोक्ता अधिनियम 2019 में हुए बदलावों से भी विद्यार्थियों को अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि पहले इसे फोर्म कहा जाता था अब यह आयोग कहलाता है तथा धन संबंधी शिकायत 20 लाख से बढ़ाकर 1 करोड़ कर दी गई है। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का जवाब देकर उनका ज्ञानवर्धन भी किया। प्राचार्य डा. संजय गोयल ने विभागाध्यक्ष प्रो. अजय शर्मा एवं सभी प्राध्यापकों को बधाई दी एवं आज के भौतिकवादी समाज में उपभोक्ता के शोषण से बचने के लिए इस तरह की आनुभाविक गतिविधि को सबसे कारगर बताया।

Punjab Kesri 7-12-21

************************

**Visit to SBI**
**28th November 2021**

बी. वोकेशनल एवं बीबीए के 25 विद्यार्थीयों के दल ने आंतरिक प्रशिक्षण के तहत अंबाला रोड स्थित स्टेट बैंक आफ इंडिया का दौरा किया। इसका नेतृत्व डा शशि माट्टा ने किया तथा उनके साथ रजनी खेड़ा एवं सीमा अग्रवाल भी थी। शाखा प्रबंधक मैहर सिंह ने दल का स्वागत किया एवं विभिन्न कांउटरों एवं उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होनें एटीएम, सीडीएम में धन की निकासी एवं जमा करवाने की प्रक्रियाओं का उल्लेख करते हुए बेंक के योनो एप्प की जानकारी भी दी। विद्यार्थीयों में शिक्षा ऋण, विदेशों में धन भेजने एवं मंगवाने की प्रक्रिया में भी गहरी रूचि दिखाई। प्राचार्य डा संजय गोयल ने विभागाध्यक्ष  अजय शर्मा एवं सभी प्राध्यापकों को बधाई दी एवं इन रोजगारपरक एवं कौशल प्रधान डिग्रीयों में व्यावहारिक शिक्षा को अति महत्वपूर्ण बताया।



दैनिक सवेरा

## बी. वोकेशनल एवं बीबीए के विद्यार्थियों ने किया एसबीआई का दौरा

दौरे के दौरान बैंक अधिकारियों के साथ छात्र। (सतीश भराड़ा)

**कैथल (प्रदीप हरित) :** आर.के.एस.डी. कालेज के बी. वोकेशनल एवं बीबीए के 25 विद्यार्थियों के दल ने आंतरिक प्रशिक्षण के तहत अंबाला रोड स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का दौरा किया। इसका नेतृत्व डा. शशि माटा ने किया। उनके साथ प्रो. रजनी खेड़ा एवं प्रो. सीमा अग्रवाल भी थीं। शाखा प्रबंधक मेहर सिंह ने दल का स्वागत किया एवं विभिन्न कांउटरों एवं उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने एटीएम, सीडीएम में धन की निकासी एवं जमा करवाने की प्रक्रियाओं का उल्लेख करते हुए बैंक के योनो एप्प की जानकारी भी दी। विद्यार्थियों में शिक्षा ऋण, विदेशों में धन भेजने एवं मंगवाने की प्रक्रिया में भी गहरी रूचि दिखाई। प्राचार्य डा. संजय गोयल ने विभागाध्यक्ष प्रो. अजय शर्मा एवं सभी प्राध्यापकों को बधाई दी एवं इन रोजगारपरक एवं कौशल प्रधान डिग्रियों में व्यावहारिक शिक्षा को अति महत्वपूर्ण बताया।

**************************

**PPT Competition**
**26th November 2021**

फिजिक्स विभाग के द्वारा 'सेमी-कंडक्टर उपकरण' के विषय पर एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें बीएससी नाॅन-मेडिकल के 15 विद्यार्थीयों ने भाग लिया जिन्हें पांच टीमों में बांटा गया था। इसमें परिणाम इस तरह रहे
प्रथम रामेहर, योगेश, राहुल
द्वितीय लखविंदर, राधा, जयदेव
तृतीय प्रदीप, नीरज, पुनीत
प्रो लीसा ने क्विज़ मास्टर की भूमिका निभाई।
इससे पहले प्राचार्य डा. संजय गोयल एवं विभागाध्यक्ष डा. अनिल नरुला ने विद्यार्थीयों को इस तरह की गतिविधियों में भाग लेने के प्रति प्रोत्साहित किया एवं कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को सम्मानित भी किया। डा. अलिशा गोयल ने सभी उपस्थित प्राध्यापकों एवं विद्यार्थीयों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर मंजू गर्ग, नेहा, राहुल सिंगला एवं दीपक भी उपस्थित रहे।



## सैमी-कंडक्टर उपकरण विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित

प्राचार्य के साथ विजेता छात्र-छात्राएं। (सतीश भराड़ा)

**कैथल (प्रदीप हरित) :** आरकेएसडी कालेज के फिजिक्स विभाग द्वारा सेमी-कंडक्टर उपकरण विषय पर एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें बीएससी नॉन-मैडीकल के 15 विद्यार्थियों ने भाग लिया जिन्हें पांच टीमों में बांटा गया था। प्रतियोगिता के परिणाम इस तरह रहे। रामेहर, योगेश, और राहुल प्रथम, लखविंदर, राधा, जयदेव द्वितीय और प्रदीप, नीरज व पुनीत तीसरे स्थान पर रहे। प्रो. लीसा ने क्विज मास्टर की भूमिका निभाई। इससे पहले प्राचार्य डा. संजय गोयल एवं विभागाध्यक्ष डा. अनिल नरुला ने विद्यार्थियों को इस तरह की गतिविधियों में भाग लेने के प्रति प्रोत्साहित किया एवं कार्यक्रम के अंत में सम्मानित भी किया। डा. अलिशा गोयल ने सभी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर प्रो. मंजू गर्ग, प्रो. नेहा, प्रो. राहुल सिंगला एवं प्रो. दीपक भी उपस्थित रहे।

Dainik Savera 26-11-21

**************************

**Poster-cum-Depiction Competition**
**16th November 2021**

A Poster-cum-Depiction Competition on Vowels, Consonants and Weak Forms was organised on 16 November 2021 for BA III semester, section D. The class was divided in various groups such as Team Unity, Vision. Luxamibai, Bhagat Singh, Vivekananda, Unique and Life. As many as 22 students prepared charts and made their presentations. Sonu, Kusum and Ankita of team Vision were

declared first whereas second prize was bagged by Unique team with Babita and Sonia as team members. Love and Ashish of team Vivekananda were declared third. Dr Seema Gupta and Dr Geeta Goyal and Dr Himani Aggarwal (Evening Session) acted as judges. Principal, Dr Sanjay Goyal, Dr Rajbir Parashar, Head of the department, Dr Geeta Goyal, Convener of the event congratulated students for their enthusiastic participation.



***********************

## District Level Quiz Competition
## 15th November 2021

कॉलेज के विज्ञान संकाय के विद्यार्थीयों ने बीआर अम्बेडकर कॉलेज कैथल में हुई जिला स्तरीय साईंस क्विज़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। यह प्रतियोगिता विज्ञान एवं तकनीकी परिषद् पंचकूला हरियाणा सरकार द्वारा प्रायोजित है। इसमें कैथल जिला की 10 टीमों ने भाग लिया एवं पांच राउंड तक यह प्रश्नोत्तरी चली। फिजिक्स, कैमिस्ट्री, बाईलोजी एवं पर्यावरण सम्बन्धी प्रश्नो पर आधारित इस क्विज़ में बीएससी मेडिकल अंतिम वर्ष की मानवी एवं सिमरन एवं बीएससी नाॅन-मेडिकल अंतिम वर्ष के अभिषेक की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अब यह टीम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी भाग लेगी। कॉलेज पहुंचने पर प्राचार्य डा. संजय गोयल, गणित विभाग के अध्यक्ष डा. सतबीर मैहला, भौतिकी विभाग के अध्यक्ष डा. अनिल नरुला, अलीशा गोयल एवं राहुल सिंगला ने इन विजेताओं का स्वागत किया एवं भविष्य की शुभकामनाएं दी।



दैनिक सवेरा

**साइंस क्विज में आर.के.एस.डी. कॉलेज के विद्यार्थियों ने पाया द्वितीय स्थान**

प्राचार्य व स्टाफ के साथ विजेता छात्र। (सतीश भराड़ा)

**कैथल (प्रदीप हरित)** : आर.के.एस.डी. कॉलेज के विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों ने राजकीय कॉलेज कैथल में हुई जिला स्तरीय साइंस क्विज में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। यह प्रतियोगिता विज्ञान एवं तकनीकी परिषद पंचकूला हरियाणा सरकार द्वारा प्रायोजित की गई थी। इसमें कैथल जिला की 10 टीमों ने भाग लिया एवं पांच राउंड तक यह प्रश्नोत्तरी चली। फिजिक्स, कैमिस्ट्री, बायोलोजी एवं पर्यावरण सम्बन्धी प्रश्नों पर आधारित इस क्विज में बीएससी मेडिकल अंतिम वर्ष की मानवी एवं सिमरन तथा बीएससी नॉन–मेडिकल अंतिम वर्ष के अभिषेक की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अब यह टीम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी भाग लेगी। कॉलेज पहुंचने पर प्राचार्य डा. संजय गोयल, गणति विभाग के अध्यक्ष डा. सतबीर मैहला, भौतिकी विभाग के अध्यक्ष डा. अनिल नरुला, प्रो. अलीशा गोयल एवं प्रो. राहुल सिंगला ने इन विजेताओं का स्वागत किया एवं भविष्य की शुभकामनाएं दी।

***********************

## National Level Online Poetry Recitation Competition
## 26th July 2021

The literary committee of RKSD PG College, Kaithal organised a National level online poetry recitation competition wherein students were asked to send a two to three minutes video reciting their self composed poem on topics like human values,contemporary economic situation,women empowerment, environmental concerns etc. in either English,Hindi,Haryanavi or Sanskrit language. Entries received were from colleges of Ambala, Jhajjar, Yamunangar, Delhi, Chennai, Kolkata, Kurukshetra etc. Gurleen Kaur from Government College, Ambala, Mansal Behl from K L Mehta Dayanand College, Faridabad and Shivani from RKSD PG College, Kaithal grabbed first, second and third places respectively. Principal Sanjay Goyal congratulated the winners and the members of the literary club and said that such literary activities not only strengthen the linguistic abilities of students but also play a valuable role in

their personality development. Dr. Geeta Goyal convened the entire programme. Dr Vinay Singhal and Dr S P Verma were the coordinators and Ms Richa Langyan and Dr Matish Garg were the organising secretaries of the event.



‘आर.के.एस.डी. कालेज की साहित्यिक परिषद् द्वारा एक राष्ट्रीय स्तर की ऑनलाइन कविता पाठ प्रतियोगिता आयोजित’

कैथल, 26 जुलाई (महीपाल/गौरव): आर.के.एस.डी. (पी.जी.) कालेज की साहित्यिक परिषद् द्वारा एक राष्ट्रीय स्तर की ऑनलाइन कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें अंबाला, फरीदाबाद, झज्जर, यमुनानगर, पानीपत, दिल्ली, चेन्नई, कोलकाता एवं मुंबई आदि बड़े शहरों से भी विद्यार्थियों ने भाग लिया।

उन्होंने समकालीन एवं मानवीय महत्व के विषयों को आधार बनाकर अपनी रचनाएं प्रस्तुत की। प्राचार्य डा. संजय गोयल ने सभी विजेताओं एवं साहित्यिक परिषद को सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

उन्होंने विद्यार्थियों में साहित्यिक अभिरूचि पैदा करने को समय की जरूरत बताया, जिससे उनमें सृजनात्मकता एवं मूल्यों का विकास हो। इस आयोजन की संयोजिका डा. गीता गोयल थी। डा. विनय सिघंल एवं डा. एस.पी. वर्मा ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इस सम्पूर्ण आयोजन को सम्पूर्ण करने में प्रो. रिचा लांग्यान एवं डा. मतीश गर्ग ने आयोजन सचिव के रूप में सभी क्रियाओं को सम्पन्न करवाया।

*प्रतियोगिता के दौरान निर्णायक की भूमिका निभाते अधिकारी।*

**इसके परिणाम इस प्रकार रहे**


प्रथम पुरस्कार 1000 रुपए
गुरलीन कौर राजकीय महाविद्यालय अम्बाला
द्वितीय पुरस्कार 700 रुपए
मनसा बहल के.एल. मेहता दयानंद कालेज फरीदाबाद
तृतीय पुरस्कार 500 रुपए
शिवानी आर.के.एस.डी. कॉलेज कैथल
सांत्वना पुरस्कार 300 रुपए
अंकिता महाराजा अग्रसेन कॉलेज झज्जर।

Punjab Kesri 27-07-21

************************

## Virtual Leadedship Training Programme
## 7th-08th July 2021

कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा एम.आर.पाई.फाउंडेशन और फोरम ऑफ फ्री एंटरप्राइज, मुंबई के सहयोग से दो दिवसीय वर्चुअल लीडरशिप प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे एवं अंतिम दिन का प्रारंभ प्राचार्य डॉ एस. के. गोयल ने सभी प्रतिभागियों के स्वागत से किया। प्राचार्य ने अपने सम्भाषण में कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में नेतृत्व को एक कौशल के रूप में देखा जा रहा है। प्रबंधन एवं वाणिज्यिक क्षेत्र के बढ़ते प्रभुत्व में नेतृत्व की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हो गई है। इस दौर में वही व्यवस्था आगे बढ़ रही है, जिसका नेतृत्व कुशल, दूरदर्शी एवं योजनाबद्ध ढंग से काम कर रहा है। अतः आने वाले समय में जीवन के सभी क्षेत्रों में नेतृत्व के गुणों से युक्त युवाओं की मांग बढ़ने वाली है। इस तरह का प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थीयों के लिए अत्यंत उपयोगी रहेगा। अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष और कार्यक्रम के संयोजक डॉ. वीरेंद्र गोयल ने कार्यक्रम के दूसरे दिन के मुख्य वक्ता विवेक पतकी का परिचय दिया। मुख्य वक्ता विवेक पतकी ने जीवन में कौशल का महत्व एवं ‘महत्वपूर्ण कौशलों को विकसित करना’ और ‘स्वयं और दूसरों को समझना’ पर व्याख्यान दीया। उन्होंने प्रतिभागियों को टाइम टेबल बनाना सिखाया और जिंदगी में अनुशासित रहने के महत्व को बताया। इस प्रोग्राम के वेलिडिक्टरी सेशन मे अलग अलग कॉलेज के प्रतिभागियों ने अपने विचार रखे और कहा कि इस तरह के प्रोग्राम बच्चो के व्यक्तित्व के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के अंत में डॉ. सूरज वालिया ने कॉलेज प्राचार्य, अर्थशास्त्र विभाग के प्रमुख, सी.ई.ओ. एमआर पाई फाउंडेशन स्वाति कपाड़िया, विवेक पतकी, राजीव कुमार लूव और सभी प्रतिभागियों का धन्वाद किया। इस कार्यक्रम के आयोजन में डॉ. रितु कांग वालिया ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



# दो दिवसीय वर्चुअल लीडरशिप प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

कैथल, 8 जुलाई (प्रदीप हरित) : आरकेएसडी (पीजी) कालेज में एम.आर.पाई. फाऊंडेशन और फोरम ऑफ फ्री एंटरप्राइज, मुंबई के सहयोग से दो दिवसीय वर्चुअल लीडरशिप प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे एवं अंतिम दिन का प्रारंभ प्राचार्य डॉ. एस.के. गोयल ने सभी प्रतिभागियों के स्वागत से किया। प्राचार्य ने अपने सम्भाषण में कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में नेतृत्व को एक कौशल के रूप में देखा जा रहा है। प्रबंधन एवं वाणिज्यक क्षेत्र के बढ़ते प्रभुत्व में नेतृत्व की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हो गई है। इस दौर में वही व्यवस्था आगे बढ़ रही है जिसका नेतृत्व कुशल, दूरदर्शी एवं योजनाबद्ध ढंग से काम कर रहा है। अतः आने वाले समय में जीवन के सभी क्षेत्रों में नेतृत्व के गुणों से युक्त युवाओं की मांग बढ़ने वाली है। इस तरह का प्रशिक्षण कार्यप्म विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी रहेगा। कार्यक्रम के अंत में डॉ. सूरज वालिया ने कालेज प्राचार्य, अर्थशास्त्र विभाग के प्रमुख, सी.ई.ओ. एमआर पाई फाऊंडेशन, स्वाति कपाड़िया, विवेक पतकी, राजीव कुमार लूव और सभी प्रतिभागियों का धन्वाद किया। इस कार्यक्रम के आयोजन में डॉ. ऋतु कांग वालिया ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



कार्यक्रम में भाग लेते प्राध्यापक। (सतीश भराड़ा)

************************